




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ








वर्ष 14, अंक 92 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, शनिवार 18 जनवरी 2025 | www.samaydarshan.in


# किरण देव फिर बने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

रायपुर। संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में किरण सिंह देव निर्वाचित घोषित कर दिए गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष चुनाव प्रभारी विनोद तावड़े ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में श्री देव को आगामी कार्यकाल के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। कार्यालय परिसर में इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित केंद्रीय पदाधिकारियों, प्रदेश पदाधिकारियों, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों व कार्यकर्ताओँ की करतल ध्वनि और गगनभेदी नारों के बीच श्री तावड़े ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा की ओर से पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, परदे प्रभारी नितिन नबीन,पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, उपमुख्यमंत्री



अरुण साव, विजय शर्मा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, संगठन महामंत्री पवन साय सही सभी नेतागण ने श्री देव का अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। प्रदेश के सभी महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, भरतलाल वर्मा व रामजी भारती तथा रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश ठाकुर व रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ने गजमाला पहना कर स्वागत किया। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री श्री तावड़े ने इस दौरान राष्ट्रीय परिषद के लिए 17 सदस्यों विष्णु देव साय, अरुण साव, विजय शर्मा, सरोज पांडे, लता उसेंडी, तोखन साहू, बृजमोहन अग्रवाल, विक्रम उसेंडी, संतोष पांडे, विजय बघेल, पुन्नूलाल मोहिले, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, रूपकुमारी चौधरी, खूबचंद पारख, ननकी राम कंवर, देवेंद्र राजा प्रताप सिंह के नाम की घोषणा की। सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव हेतु वोट करेंगे। सर्वप्रथम प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने संगठन चुनाव प्रक्रिया का वृत्त प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रदेश में संगठन पर्व के दौरान सदस्यता अभियान में 60 लाख सदस्यता का लक्ष्य अर्जित किया गया और प्रदेश में 71 हजार सक्रिय सदस्य बनाए गए।

## राष्ट्रपति के हाथों भाकर-गुकेश सहित चार को मिला खेल रत्न



नयी दिल्ली/ एजेंसी

दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर और शतरंज विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने चमक बिखेरी लेकिन शुक्रवार को जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक समारोह में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये तो सबसे ज्यादा तालियां पैरा एथलीटों को मिली। मनु और गुकेश के साथ भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता ऊंचीकूद के खिलाड़ी प्रवीण कुमार को भी देश का सर्वोच्च खेल सम्मान प्रदान किया गया। बाईस वर्ष की भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलंपिक में वह टीम के कप्तान भी थे। दूसरी ओर बायें पैर में विकार के साथ पैदा हुए प्रवीण ने तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता और पेरिस में उसे स्वर्ण में बदला। अठारह बरस के गुकेश सबसे युवा विश्व चैम्पियन बने जिन्होंने पिछले महीने चीन के डिंग लिरेन को हराया । वह विश्वनाथन आनंद के बाद विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। वह पिछले साल सितंबर में शतरंज ओलंपियाड में भारत की खिताबी जीत में भी सूत्रधार थे। इस बार 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिये गए जिनमें से 17 पैरा एथलीट हैं। अर्जुन पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सेहरावत, निशानेबाज स्वप्निल कुसाले, सरबजोत सिंह और पुरूष हॉकी टीम के सदस्य जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, संजय और अभिषेक शामिल हैं ।


## दिल्ली चुनाव : भाजपा का संकल्प पत्र-जारी, महिलाओं को 2,500 रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा




नयी दिल्ली/ एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को घोषणा की कि यदि वह दिल्ली की सत्ता में आती है तो आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से चलाई जा रही मुफ्त की योजनाओं को तो जारी रखेगी ही, साथ ही महिलाओं को 2,500 रुपये की सम्मान राशि भी देगी। राजधानी दिल्ली के पंडित पंत मार्ग स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र-1 जारी करते हुए पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यह भी कहा कि सत्ता में आने पर मंत्रिमंडल की पहली बैठक में महिला समृद्धि योजना को लागू किया जाएगा। भाजपा अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। नड्डा ने कहा, दिल्ली में जो जन कल्याण की योजनाएं चल रही हैं, वह सारी योजनाएं भाजपा की सरकार बनने पर भी जारी रहेंगी। उन सभी योजनाओं का ज्यादा कारगर तरीके से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा और उन्हें भ्रष्टाचार से मुक्त और लोक कल्याण युक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि उसने जो कहा, वह किया और जो नहीं कहा, उसे भी कर दिखाया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी सत्ता में आएगी तो महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये दिये जाएंगे और मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इसे मंजूरी दी जाएगी। नड्डा ने कहा कि भाजपा ने आज अपने संकल्प पत्र का पहला भाग जारी किया है और दूसरा तथा तीसरा भाग भी जल्द ही जारी किया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का संकल्प पत्र 'विकसित दिल्ली' की नींव रखने वाला है।

## बाल-बाल बचे फारूक अब्दुल्ला, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुआ भीषण एक्सीडेंट



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला उस समय बाल-बाल बच गए जब दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर यात्रा के दौरान उनके काफिले का एक वाहन राजस्थान के दौसा जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना तब हुई जब अब्दुल्ला सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर मत्था टेकने के लिए अजमेर जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि वह घटना में सुरक्षित बच गया और अजमेर की ओर अपनी यात्रा जारी रखी। पुलिस ने कहा कि जो सुरक्षा वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वह फारूक अब्दुल्ला के काफिले की एस्कॉर्ट कार थी, पुलिस ने कहा कि यह दुर्घटना तब हुई जब वह सड़क पर आई नीलगाय से टकरा गई। इस हादसे में दिल्ली पुलिस की गाड़ी आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ड्राइवर और कंडक्टर साइड के एयरबैग भी खुल गए। जिसके कारण कार में लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि इस हादसे में दिल्ली पुलिस के दो जवान घायल हुए हैं जिन्हें तत्काल दौसा जिला अस्पताल लाया गया लेकिन हल्की चोटें होने के कारण उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेता शिक्षकों को और उत्कृष्ठ प्रोग्राम में विकासखण्ड स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करनेवाले शालाओं को बी.ई.ओ , ए.बी.इ.ओ और बी.आर.सी से अवा स्र्रष्टर्ड एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** दुर्ग जिला प्रशासन, समग्र शिक्षा परियोजना कार्यालय जिला दुर्ग के सहयोग से संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक में पोस्ट ऑफद मंथ दिसंबर माह के ब्लॉक स्तर के विजेता शिक्षकों को प्रमाणपत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। विनोबा ऐप शिक्षकों के लिए उपलब्ध कराया गया एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। उत्कृष्ट गतिविधियों को क्रियान्वित करने वाले शिक्षकों को पोस्ट ऑफद मंथ पुरस्कार के लिए चुना जाता है। विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यो की पहचान और सराहना होती है, यहाँ शिक्षक एक दुसरे के साथ कनेक्ट होते है, साथ ही विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है, शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। इस में मुख्य रूप से शिक्षा में नवाचार, शिक्षकों के कार्य सरल करने के लिए, शैक्षणिक गतिविधियां सभी से साझा करने के लिए शेयर एंड लर्न, तथा शिक्षकों के नवनवीन उपक्रम, ज्जरू और शिक्षकों को शैक्षणिक सहायता तथा मार्गदर्शन मिलने के लिए विनोबा ऐप सहायक है। उत्कृष्ट दुर्ग प्रोग्राम और पोस्ट ऑफ द मंथ के तहत उत्कृष्ट कार्य करनेवाले टॉप 1 में आनेवाले सेजस नंदिनी खुंदीनी और हाइ स्कूल दनिया को पुरस्कार दिया गया। साथ ही पोस्ट ऑफद मंथ के संतोषी निषाद और विद्या वर्मा को सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम मे बी.ई.ओ कैलाश साहू ,ए.बी.इ.ओ बेनिराम वर्मा और बी.आर.सी महावीर वर्मा , विनोबा टीम से प्रोजेक्ट ऑफिसर प्राची तुमसरे उपस्थित थे.

### अरसनारा में 18 एवं 19 जनवरी को दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन

**पाटन।** समीप के ग्राम अरसनारा में 18 एवं 19 जनवरी से दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सत्संग समिति अरसनारा के तत्वाधान में आयोजित है। सरपंच एवं समिति के सचिव हरिशंकर साहू ने बताया कि संत शिरोमणि सद्गुरू कबीर साहेब के अमृत वचन एवं संदेश को जन मानस तक पहुंचाने संत निष्ठा साहेब जी , श्री कबीर आध्यात्म संस्थान मुंजापुर ,मसौली (बाराबंकी) उत्तरप्रदेश से अपने संत मंडली सहित पावन उपस्थिति प्रदान करेंगे।। दोनों दिवस दो सत्र मे भजन एवं प्रवचन होगा। प्रथम सत्र सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एवं द्वितीय सत्र दोपहर 3.00 बजे से शायं 5.30 बजे तक आयोजित है।

### जिला स्तर पर स्थापित किया गया हेल्पडेस्क

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीजा़ हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़। धमतरी/** बोर्ड परीक्षा आयोजन से उत्पन्न तनाव को दूर करने राज्य शासन द्वारा समय-समय पर पालक शिक्षक बैठक लिए जाने के लिए प्राथमिकता तय किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आने वाले एक मार्च से कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रहीं हैं। बोर्ड परीक्षा के तनाव से मुक्त करने के लिए पालकों एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तर पर हेल्पडस्क स्थापित किया गया है, जिसका नंबर 07722-230989 है। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय दिवसों में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक एपीसी श्री पंकज रावटे मो.नं. 90398-31428, दोपहर 12 से दोपहर 2 बजे तक श्री अतुल रणसिंह 87188-01753, दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक श्री नंदकिशोर साहू 99774-13719 और शाम 4 से शाम 6 बजे तक श्री खेमेन्द्र कुमार साहू मो.नं. 91317-50230 की ड्यूटी लगाई है।

### पतोरा में 20 जनवरी को भव्य मंडई मिलन समारोह का होगा आयोजन, रात्रि में रॉयल छत्तीसगढ़िया आर्केस्ट्रा ग्रुप देंगी प्रस्तुति

पाटन। ग्राम पतोरा में आगामी 20 जनवरी को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मंडई मिला समारोह का आयोजन रखा गया है। मड़ाई मेला उत्सव समिति के अध्यक्ष चित्रसेन देव दास (रॉकी) ने बताया कि प्रतिवर्ष भव्य रूप से आयोजन कराते है । इस वर्ष भी यह आयोजन बहुत रूप से भव्य रूप से होने जा रहा है। रात्रि में रॉयल छत्तीसगढ़िया आर्केस्ट्रा भजन ग्ररुप के कलाकार प्रस्तुति देगी। उन्होंने बताया कि मेला दुकान वाले निशुल्क दुकान लगा सकते है। साथ ही सभी दुकानदारों की रात्रि को खाने की व्यवस्था नि:शुल्क रखी गई है।

# प्रसिद्ध कथावाचक संत बालयोगी अरोड़ा का भाटापारा की प्राचीन रामलीला में हुआ आगमन

**प्राचीन ब्रिटिश काल से मंचन होने वाली राम लीला को संत जी ने बताया अदभुत**

**रामलीला के बाल कलाकारों ने बालयोगी जी को सुनाया रामलीला का पाठ**

**शत्रुघ्न लाल**



**भाटापारा :-** भाटापारा रामलीला में प्रसिद्ध कथावाचक संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी जो नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति भाटापारा के द्वारा आयोजित श्री देवी महापुराण में कथा वाचक संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी द्वारा विगत 6 जनवरी से कल्याण क्लब भाटापारा में देवी के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन कर रहे थे एवं भक्ति का सागर बहा रहे थे, इसी बीच भाटापारा की प्राचीन एवं ऐतिहासिक 105 वर्ष पूर्ण कर चुकी आदर्श रामलीला नाटक मंडली कार्यालय में उनका आगमन हुआ । रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा एवं रामलीला समिति के पदाधिकारी व संरक्षक मंडल के द्वारा श्रीफल व फूलमाला पहनाकर एवँ आशीष लेते हुए बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी का स्वागत हुआ एवं उसके पश्चात रामलीला में स्थापित भगवान रामदरबार, गणेशजी एवं शंकर जी के साथ रामचरित मानस रामायण की पुजा आरती कथावाचक अरोड़ा जी ने की । रामलीला समिति के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा मैं बहुत चकित हूं और मुझे बहुत आनंद आ रहा है कि इस रामलीला में बाल कलाकार पूर्ण समर्पण से कार्य करते हैं, कलाकार अपने जीवन में भी भगवान श्रीराम के चरित्र को यदि थोड़ा सा भी आत्मसात करें तो हम अपने चरित्र को भी उत्तम बना सकते हैं वहीं भगवान राम के चरित्र लीलाओं का वर्णन किया तथा बच्चो के द्वारा अभिनय प्रस्तुति भी बाल योगी जी के सामने प्रस्तुत की गई तथा संत बालयोगी जी ने रामलीला के प्रस्तुतिकरण की प्रक्रियाओं को विस्तार से समिति सदस्यों के माध्यम से जानकारी ली वही उन्होंने बताया कि ऑनलाइन के माध्यम से नौरात्र में आयोजित लीलाओ का अवलोकन मैं भी अपने निवास स्थल पर करता रहता हूं। वही संत जी ने धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करने के लिए भाटापारा के नागरिकों एवं रामलीला मंडली के सभी संरक्षक पदाधिकारी तथा बाल कलाकारों को बहुत-बहुत आभार एवं साधुवाद दिया। बालयोगी संत विष्णु अरोड़ा जी के आगमन कार्यक्रम में आदर्श रामलीला नाटक मंडली के समस्त पदाधिकारीगण संरक्षक मंडल एवं भाटापारा के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक मौजूद रहे वहीं बाल कलाकारों में अक्षत जोशी, आदित्य जोशी, काव्यांश शर्मा, हर्ष गुप्ता, धर्मपाल सोनी, श्याम मल, आदित्य गुप्ता, लक्की चौरसिया, वासु शर्मा, वैभव शर्मा, शौर्य मिश्रा, मंगल मिश्रा, अभी अग्रवाल,नीलेश मल, नमन मल, शुभ केशरवानी,आदित्य सोनी एवं अन्य कलाकार भी मौजूद रहे।

# मितानिन दीदीयों का वेतन खा रही भाजपा सरकार : कुलबीर सिंह छाबड़ा



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बयान जारी करते हुए कहा कि चुनाव के पूर्व प्रदेश की जनता से भाजपा लोक-लुभावने वायदे कर सत्ता में आयी और अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। मितानिन कार्यक्रम की सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, हेल्थ डेस्क फेसिलेटर की प्रोत्साहन राशि व क्षतिपूति विगत तीन माह की राशि नहीं मिलने से पूरे छत्तीसगढ़ की मितानिना दीदीयां नाराज व परेशान है, जिसके कारण वे सरकार से काफी नाखुश हो गयी है।

इसी तरह प्रदेश के लाखों किसानों के साथ विष्णुदेव साय सरकार धोखाबाजी कर रही है। किसानों को 21 म्ंटिल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कहीं पर नहीं हो रही। टोकन, बारदाना से लेकर तौलाई में गड़बड़ी की शिकायत पूरे प्रदेश में है। 3100 रूपए प्रति म्ंटिल की दर से एकमुश्त भुगतान कर किसानों किसी को नहीं मिल रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में धान खरीदी का नगद भुगतान केन्द्र खोलने का वादा भी जुमला निकला। पिछले खरीफ सीजन के राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त हड़प लिए। भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना बंद कर दिया गया। शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना दुर्भावनापूर्वक बंद कर दिया गया। इसी तरह शिक्षकों के साथ छल किया जा रहा है। पुलिस भर्ती में जमकर फर्जीवाड़ा किया, जिसके कारण एक जवान को अपनी जान गंवाने पड़ी और पुलिस भर्ती को निरस्त करना पड़ा, कुल मिलाकर युवाओं को भी इस सरकार ने छलने से नहीं चुके। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार से चहूंओर नाराजगी साफ देखी जा रही है और आने वाले समय में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनावों की शुरुआत होने वाली है, ऐसे में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की जनता कड़ा जवाब देगी।

# मनोरंजन के साथ साथ दी जा रही है यातयात नियमों की सीख



**मुंगेली (समय दर्शन)।** गोंडखाम्हीमेला बाजार में जागरूकता कार्यक्रम नुककड़ नाटक के जरिये कराया जा रहा है यातयात नियमों के प्रति जागरूक मुंगेली (समय दर्शन)नाटक के जरिये यातयात नियमों का पालन ना करने पर होने वाले नुकसान के बारे मे बताया

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के थीम पर आधारित नाटक

दिन बुधवार को 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह2025 के तहत जन जन मे यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिये गोंडखाम्ही के मेला बाजार मे नुककड़ नाटक के माध्यम से लोगोँ के बीच जाकर यातयात नियमों का पालन ना करने पर उसके नुकसान के बारे मे बताया गया साथ ही सड़क पर चलाते समय या वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करने को प्रेरित किया गया लोगोँ के बीच जाकर मनोरंजन के साथ साथ सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा. के थीम पर आधारित नाटक के माध्यम से कलाकारों ने सड़क पर नियमों का पालन ना करने पर क्या क्या नुकसान हो सकता है को नाट्य रूपनांतरण कर बताया कि ज़ब भी दुपहिया वाहन चालये हेलमेट लगाएं, नशे मे वाहन ना चलाये ,वाहन के कागजात हमेशा साथ रखें , नाबालिक को वाहन चलाने ना दें, उक्त कार्यक्रम मे यातयात प्रभारी उप निरी अमित गुप्ता, स उ नि यशवंत राजपूत , आर सीताराम बर्मन , आर रोशन साहू ट्रैफिक स्टॉफ उपस्थित रहे

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज करेंगे अधिकार अभिलेख पत्र क़ा वितरण



**जिले के 5841 लोगों को मिलेगा भूमि क़ा मालिकाना हक़**

**प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जिला स्तरीय कार्यक्रम में होंगे शामिल**

**कलेक्टर ने जिला ऑडिटोरियम में तैयारियों का लिया जायजा**

**बलौदाबाजार (समय दर्शन)/** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र का वितरण शनिवार को वर्चुअल माध्यम से करेंगे। योजना के तहत जिले के 5841 लोगों को भूमि का मालिकाना हक़ मिलेगा। कार्यक्रम क़ा ऑनलाइन प्रसारण एलईडी टीवी के माध्यम से होगा। जिला ऑडिटोरियम में शनिवार को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने शुक्रवार को जिला ऑडिटोरियम में तैयारियों का जायाजा लेकर अधिकारियो को जरुरी निर्देश दिए।

बताया गया कि योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि का ड्रोन से सर्वे कराया गया है तथा सर्वे एवं सत्यापन के आधार पर राजस्व विभाग द्वारा अधिकार अभिलेख पत्र तैयर किया गया है।अब तक 45 गांव के 5841लोगों के अधिकार अभिलेख तैयार किये गये हैं। इसमें तहसील कसडोल अंतर्गत 4 ग्रामो के 657, तहसील टुंडरा के 2 ग्राम के 284, पलारी के 9ग्राम के 813,बलौदाबाजार के 3 ग्राम के 379, लवन के 4 ग्राम के 310, सुहेला के 9 ग्राम के 1715, सिमगा के 11 ग्राम के 1515, भाटापारा के 3ग्राम के 168 लोगों को अधिकार अभिलेख पत्र का वितरण किया जाएगा।

गौरतलब है कि स्वामित्व योजना केंद्र सरकार क़ा महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी वाली भूमि का रिकॉर्ड तैयार करना है। इसके तहत भूमि स्वामियों को उनकी जमीन का मालिकाना अधिकार दिया जाता है।इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विवादित भूमि मामलों का निपटारा और संपत्ति के स्वामित्व का आधिकारिक रिकॉर्ड सुनिश्चित किया जा रहा है।

इस दौरान सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, एसडीएम अमित कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कमला कॉलेज में महिला स्वरोजगार विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में आईक्यूएसी एवं पीएम-उषा द्वारा प्रायोजित सॉफ्ट कम्पोनेंट के अन्तर्गत पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय था- महिला स्वरोजगार दिनांक 09.01.2025 को उद्घाटन प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के अतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

प्रथम दिवस के वक्ता के रूप में सानू वी. वर्गीस (जीएम) डीटीआईसी, राजनांदगांव ने व्यवसाय योजनाओं के संबंध में तथा शहरी एवं ग्रामीण महिलाओं की ऋण सुविधा संबंध में विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय दिवस दिनांक 10.01.2025 को देवेन्द्र कुमार सहायक प्रोजेक्ट ऑफिसर लाइव्हलीहुड कॉलेज, राजनांदगांव ने कौशल विकास के द्वारा महिला उद्यमिता के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। तृतीय दिवस 11.01.2025 को वक्ता सुशील कुमार प्रोजेक्ट मैनेजर, बिहान जिला पंचायत, राजनांदगांव ने सरकारी योजनाओं और महिला समूह के निर्माण करने के तरीकों से अवगत कराया। चतुर्थ दिवस दिनांक 14.01.2025 को श्रेणिक डाकलिया संचालक सी-मार्ट राजनांदगांव ने व्यवसायिक प्रबंधन और विपणन के साथ ही सी-मार्ट के माध्यम से वस्तु विक्रय करने का तरीका बताया। कार्यशाला के अंतिम दिवस दिनांक 15.01.2025 में महाविद्यालय की दो ऐसी भूतपूर्व छात्राओं को आमंत्रित किया गया जो अपनी कौशलता से स्वरोजगार के द्वारा धनार्जन कर रही है। कु. श्वेता निर्मलकर जो कि मेंहदी, रंगोली एवं फाइन आर्ट तथा कु. दिव्या सिंह राजपूत जो कि ड्रेस डिजाइनिंग एवं फेब्रिक पेंटिंग के द्वारा अपना रोजगार विकसित किया है। दोनों छात्राओं ने अपनी सफलता का अनुभव साझा कर छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में दिये गये व्याख्यानों पर आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पदमनी साहू बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान सीमा साहू बीए द्वितीय वर्ष ने तथा तृतीय स्थान पर डॉली कोमा एमए प्रथम सेमेस्टर रहीं। संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल मार्गदर्शन डॉ. आलोक मिश्रा ने किया तथा संचालन समिति के सदस्य के रूप में डॉ. बृजबाला उईके (संयोजक), रामकुमारी धुर्वा (समन्वयक), डॉ. अर्चना खरे (सचिव), तथा कामिनी देवांगन (सहसचिव) ने कार्य किया। डॉ. बसंत कुमार सोनबेर आईक्यूएसी प्रभारी, जावेद सिद्दकी, उमेश पनरिया तथा अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन रामकुमारी धुर्वा द्वारा किया गया।

# पटरी पार चिखली क्षेत्र के तीन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए




**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** बालोद जिले के ग्राम करहीभदर में 16 से 19 जनवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले की खेलो इंडिया सेंटर टीम का चयन किया गया है। जिले की टीम में पटरी पार चिखली क्षेत्र के तीन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ये खिलाड़ी खेलो इंडिया के कोच शकील अहमद एवं कोच आरती शेंडे के निर्देशन में इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज बालोद रवाना हुए।

चयनित तीनों खिलाड़ी रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रहे हैं। इनका प्रशिक्षण चिखली स्कूल के मैदान में प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से होता है।

इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने पटरी पार क्षेत्र में हॉकी खेल के प्रति बच्चों में रुचि बढ़ाने और उन्हें नियमित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी की सराहना की। उन्होंने कहा कि हॉकी के प्रति पटरी पार के बच्चों का बढ़ता रुझान क्षेत्र में नया उत्साह और उमंग लेकर आया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह खेल बच्चों के बहुमुखी विकास में सहायक होगा। जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने तीनों खिलाड़ियों को जिला हॉकी संघ एवं राजनांदगाँव के समस्त वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों की ओर से बधाई दी और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

टीम के कोच शकील अहमद ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग, राजनांदगांव के सहायक संचालक ए. एक्का के निर्देशन में 10 दिवसीय प्रशिक्षण कैंप के बाद इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चिखली क्षेत्र से चयनित खिलाड़ियों मे पदुमलाल पुन्नालाल बक्सी स्कूल से चांदनी नेताम, लक्ष्य पब्लिक स्कूल से जान्हवी मेश्राम एवं विनायक पब्लिक स्कूल से एकता राजपूत शामिल है।

कोच ने बताया कि जान्हवी मेश्राम और एकता राजपूत ने तीन माह के अल्पकालिक प्रशिक्षण के बाद यह सफलता हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

तीन खिलाड़ियों के चयन ने पटरी पार क्षेत्र में हॉकी खेल के प्रति जागरूकता और उत्साह का माहौल पैदा किया है। इस सफलता ने क्षेत्रीय खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का नया स्रोत स्थापित किया है। क्षेत्र के वरिष्ट नागरिक गोविन्द यादव, अब्दुल कादिर, संतोष साहू, सुनील वर्मा, पूर्व पार्षद सुनील साहू, समाज सेवी ललित नायडू, सुरेश डेकाटे, आशु लारिया, रवि कुंजाम, संदीप यादव, ब्रम्हानंद चौबे, शेखर सिन्हा, शिवा चौबे, राधे साहू, तेजन राजपूत, लाल सिंह साहू, राजा राजपूत, बृज नेताम, पप्पू रामटेके, किशोर श्रीमटे, अमर जीत यादव, विष्णु नंद चौबे, राजेश यादव, सौरभ यादव, वासु सावक, लक्ष्मण पाल, चंदा साहू, मनोज साहू, अंजू सिंह, प्रतिमा भारद्वाज, मोनिका राजपूत, वंदना वर्मा, रागिनी श्रीवास्तव, श्रीमती मंजूलता राजपूत, डेजी मसीह, कल्प रानी, जामुन साहू, पायल वर्मा, मीणा विश्वकर्मा एवं श्रीमती सरिता चौबे ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## संपादकीय

### वित्तीय स्थितियां अस्थिर

रोजगार के घटते अवसरों एवं अर्थव्यवस्था की धीमी होती रफ्तार ने कुल मिलाकर ऋण-ग्रस्तता की स्थिति को संगीन बना दिया है। इसके बीच निजी ऋणों की वापसी की स्थितियां प्रतिकूल हो गई हैं। आरबीआई की रिपोर्ट से भी इसके संकेत मिले हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट मौजूद वित्तीय अस्थिरताओं के संकेत देती है। इस रिपोर्ट के साथ ही एक अंग्रेजी अखबार में आरटीआई के जरिए हासिल छपे आंकड़ों को देखें, तो यह संकेत ठोस रूप में मौजूद दिखने लगता है। आरबीआई के मुताबिक कुल कर्ज में सितंबर 2024 तक नॉन परफॉर्मिंग ऋण (एनपीए) का अनुपात सिर्फ 2.6 फीसदी था, लेकिन मार्च 2026 तक इसके तीन प्रतिशत तक पहुंच जाने का अंदेशा है। बहरहाल, रिजर्व बैंक के एनपीए में माफ कर्जों को शामिल नहीं किया जाता है। गुजरे वर्षों में कॉरपोरेट्स के लिए ऋण माफी में भारी बढ़ोतरी हुई है। इस तरह एनपीए का बहुत बड़ा हिस्सा इस श्रेणी से हट गया है। खुद आरबीआई की रिपोर्ट में ऋण माफी में तीव्र वृद्धि पर चिंता जताई गई है। फिर रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आर्थिक स्थितियां अनुमान से ज्यादा बिगड़ीं, तो एनपीए का अनुपात बढ़ कर 5 से 5.3 प्रतिशत तक जा सकता है। रिजर्व बैंक शिक्षा, मकान जैसे निजी ऋणों को ना चुकाने के मामलों में वृद्धि को लेकर भी चिंतित है। आम लोगों की घरेलू वित्तीय स्थिति के लगातार बिगडने के कारण ऐसे कर्जों पर डिफॉल्ट की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। आरटीआई से सामने आई सूचना के मुताबिक गोल्ड लोन पर डिफॉल्ट करने के मामले जून 2024 तक 30 प्रतिशत तक जा चुके थे। इस तरह बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से स्वर्ण गिरवी रख कर लिए गए कर्जों में 6,696 करोड़ रुपये समय पर नहीं चुकाए गए थे। एक साल पहले ऐसे मामलों की संख्या 14 प्रतिशत ही थी। आरटीआई से हासिल सूचना से जाहिर है कि ऋण लेने वाले परिवारों ने जिस भरोसे सोना गिरवी रखा था, वह सही साबित नहीं हुआ। रोजगार के घटते अवसरों एवं अर्थव्यवस्था की धीमी होती रफ्तार ने कुल मिलाकर ऋण-ग्रस्तता की स्थिति को संगीन बना दिया है। इसके बीच निजी ऋणों की वापसी की स्थितियां प्रतिकूल होती जा रही हैं। सोने की कीमत में उछाल के कारण भी गोल्ड लोन को चुकाना कठिन हो गया है। तो कुल मिला कर वित्तीय स्थितियां अस्थिर होती हुई दिख रही हैं।

## नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा

**अजय प्रताप तिवारी**

स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है। मनुष्यों को स्वस्थ रहने के लिए उपचार की आवश्यकता भी होती है, लेकिन जब उपचार नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं पर आधारित हो तो इंसानों का स्वास्थ्य पूरी तरह से प्रभावित होता है। नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा केवल पीड़ित लोगों के जीवन खतरे में नहीं होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली और चिकित्सा उद्योग की विसनीयता भी प्रभावित होती है। भारत में इन दिनों नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। भारत का कोई ऐसा राज्य नहीं है जो नकली दवाओं से प्रभावित न हो। हाल में कोलकाता में कैंसर और मधुमेह जैसे गंभीर बीमारी में उपयोगी होने वाली नकली दवाओं को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और पश्चिम बंगाल के औषधि नियंत्रण निदेशालय के साझा सहयोग से पकड़ा गया है जिसकी कीमत 6.60 करोड़ बताई गई है।विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में कुल बिकने वाली दवाओं में बीस प्रतिशत नकली और गुणवत्ताहीन दवा शामिल हैं। भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में केवल दवा का बाजार लगभग दो लाख करोड़ का है जिसमें नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की भागीदारी 15से 20 प्रतिशत के करीब है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्य शामिल है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने केवल 2023 में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के लगभग 50 हजार मामले दर्ज किए थे। उद्योग संगठन एसोचैम की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत के दवा बाजार में कुल उपलब्ध एक एक-चौथाई दवा नकली और गुणवत्ताहीन है। %फेक एंड काउंटरफीट ड्रग्स इन इंडिया-बूमिंग बिज' नामक अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में नकली दवाओं का कारोबार 33 प्रतिशत की वृद्धि दर से प्रति वर्ष बढ़ रहा है। नकली दवाओं का बाजार बढने के कई कारण हैं, जिसमें दवा की ऑनलाइन बिक्री, गुणवत्तापूर्ण दवा की अपेक्षा नकली दवा का सस्ती कीमत, दवाओं के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी, डॉक्टर द्वारा मरीजों के पर्चे पर लिखे गए दवा के नाम के साथ प्रमाणित दवा कंपनियों का नाम न लिखना, बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाओं का उपलब्ध न होना, नकली और गुणवत्ताहीन दवा की पहचान करने की तकनीकी का न होना, ठोस कानून का आभाव के कारण नकली दवा का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवा की बिक्री शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक होती है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा चिंता का विषय है। भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्माता और निर्यातक है। एशियन लाइट की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक फार्मा बाजार में भारत की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है। भारत में बढ़ते नकली दवा से केवल न इंसानों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है बल्कि इससे भारत की वैश्विक स्तर पर दवा उद्योग में छवि भी धूमिल होती है। नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के प्रचलन से चिकित्सा पेशे और स्वास्थ्य प्रणाली से जनता काविश्वास भी घटता है। नकली दवा के रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधानों में परिवर्तन करते हुए नकली दवाओं के उत्पादन और बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के लिए बहुत सख्त और दंड के साथ आर्थिक जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य स्तर पर दवा नियामक संस्थानों को दवाओं के प्रति साप्ताहिक प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। सभी दवा कमानियों को सभी प्रकार के दवा उत्पाद पर ट्रैक और ट्रेस तकनीक का उपयोग के लिए सरकार द्वारा बाध्य किया जाना चाहिए ताकि मरीज नकली और असली दवाओं की पहचान आसानी से कर सकें। दवा की प्रामाणिकता जांचने के लिए मोबाइल एप और ऑनलाइन डेटाबेस की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर समस्या का समाधान तलाश करना होगा।

## आम आदमी पार्टी की संजीवनी योजना क्या है? यह कब से लागू होगी? इसका लाभ किनको-किनको मिलेगा?

**कमलेश पांडे**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिगत आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है, जिसे उन्होंने संजीवनी योजना का नाम दिया है। इस योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को मुफ्त इलाज मिलेगा।

खास बात यह है कि इस योजना के अंतर्गत होने वाले इलाज पर कोई खर्च सीमा नहीं होगी। इसके अलावा, लाभुकों के इलाज के लिए आय सीमा का कोई बंधन नहीं होगा। इससे साफ है कि इस नई प्रस्तावित योजना के तहत इलाज फ्री, दवाई फ्री, सबकुछ फ्री किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद लोगों को फायदा मिल सके।

हालांकि, यह कोई सरकारी योजना नहीं है, बल्कि सत्तारूढ़ पार्टी 'आप' की तरफसे किया गया एक चुनावी वायदा है, जिसे वह चौथी बार सत्ता में आते ही सरकारी अमलीजामा पहनाएगी। दिल्ली प्रशासन ने भी कुछ ऐसे ही संकेत दिए हैं। बता दें कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले स्थानीय बुजुर्गों के लिए 'संजीवनी योजना' नामक बुजुर्ग स्वास्थ्य योजना की घोषणा की, जो दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले एक बड़ा चुनावी वादा है। इस योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। इसके लिए आय की भी कोई सीमा नहीं रखी गई है। हां, बुजुर्ग व्यक्ति दिल्ली के मूल निवासी हों, यह अनिवार्य बना दिया गया है।

वहीं, इस योजना को लेकर आपके मन में भी तरह-तरह के सवाल पैदा हो रहे होंगे जिनका जवाब यहां देने की कोशिश कर रहा हूँ, जो आप रणनीतिकारों से पूछताछ पर आधारित है। खासकर यह कि इस योजना के तहत इलाज पाने के लिए क्या-क्या करना होगा और किन-किन लोगों को इस योजना में शामिल किया जाएगा। तो आइए




इसके बारे में जानते हैं विस्तार से-

आप की संजीवनी योजना एक मेडिकल स्कीम है, जिसे पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए लॉन्च किया है। यह योजना 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए मुफ्त इलाज प्रदान करेगी। कहने का तातपर्य यह कि इस योजना के तहत 60 साल और उससे ऊपर की उम्र के लोग अपना इलाज करा सकते हैं। वहीं, इस योजना में इनकम को लेकर कोई विशेष नियम नहीं बनाया गया है, ताकि सभी वरिष्ठ नागरिकों को बिना किसी आय सीमा के ही मुफ्त इलाज मिलेगा।

जहां तक इस योजना का लाभ प्राप्त करने की बात है तो इसके लिए आपको आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करना होगा, क्योंकि वही लोग घर-घर जाकर इस योजना के लिए पंजीकरण कर रहे हैं। इस संजीवनी योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिकों को दिल्ली के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। बशर्ते कि वह दिल्ली का मूल निवासी हो। इस संजीवनी योजना के तहत इलाज में होने वाला सारा खर्च शामिल है।

बता दें कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि अगर वो फिर से दिल्ली की सत्ता में लौटे, तो इस योजना को लागू किया जाएगा। इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। खुद आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ही इस योजना की शुरुआत की है। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मर्लिना भी उनके साथ थीं। इस रजिस्ट्रेशन के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लाभार्थियों को एक कार्ड उनके घर जाकर देंगे, जिसे सुरक्षित रखना है। क्योंकि इसी के आधार पर आगे की सभी सरकारी औपचारिकता आप की सरकार बनने के बाद पूरी की की जाएगी। इस योजना का मुख्य आकर्षण यह है कि इसमें इलाज के लिए कोई ऊपरी खर्च सीमा भी नहीं रखी गई है। यानी कि आपके इलाज का सारा खर्च सरकार वहन करेगी, चाहे वह जो भी हो।

इस प्रकार, संजीवनी योजना अन्य योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत योजना से काफी अलग है, क्योंकि इसमें इनकम को लेकर कोई नियम नहीं बनाया गया है। वहीं, यह योजना केंद्र सरकार की योजनाओं से भी स्वतंत्र है और इसका अपना एक अलग ढांचा है जो निकट भविष्य में दिल्ली सरकार खड़ा करेगी। इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन पूरी तरह फ्री है। हालांकि, यह योजना पूरी तरह से केवल दिल्ली प्रदेश के निवासियों के लिए ही है, जिससे यहां रह रहे बाहर के लोगों को भी इसका फायदा नहीं मिलेगा। वहीं, इस योजना के लिए कोई समयसीमा भी नहीं रखी गई है। वहीं, दिल्ली प्रशासन ने साफकर दिया है कि दिल्ली सरकार की संजीवनी योजना जैसी कोई योजना नहीं है। बता दें कि दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने इस बारे में एक नोटिस भी जारी किया है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि अवैध तरीके से संजीवनी योजना के नाम पर पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में वरिष्ठ नागरिकों से आधार और बैंक खाता जानकारी मांगी जा रही है और नकली स्वास्थ्य योजना कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। इसलिए दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने जनता को सलाह दी है कि वे इस अनाधिकारिक योजना के तहत मुफ्त इलाज के वादों पर भरोसा न करें और अपनी संवेदनशील जानकारी साझा न करें।

खबर है कि दिल्ली प्रशासन के इस खुलासे से लोग असमंजस में हैं। वहीं, आप नेता दावे से कह रहे हैं कि जब वे चौथी बार सत्ता में आएंगे तो इस योजना को प्राथमिकता पूर्वक लागू करेंगे। तब इसी दिल्ली प्रशासन को निर्वाचित सरकार की हर बात माननी पड़ेगी। वैसे तो अभी भी दिल्ली में आप की ही सरकार है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव आचार संहिता से बचने के डर से आप सरकार ने इसकी पूरी फ़ाइल नहीं चलाई। या फिर उसे इस बात का डर रहा होगा कि जब तक उपराज्यपाल की रजामंदी आएगी, तबतक चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी होगी। इसलिए आनन-फानन में आप रणनीतिकारों ने ताबड़तोड़ लोकलुभावन घोषणाएं शुरू कर दीं, जिनमें संजीवनी योजना भी एक मुख्य पहल है।

## मार्जिन पर कर लगाना नई बात नहीं

**सतीश सिंह**

वस्तु व सेवाकर (जीएसटी) परिषद ने पुराने और इस्तेमाल किए गए वाहनों, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं कि बिक्री के लाभ मार्जिन पर जीएसटी दर को बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। जीएसटी परिषद के इस ऐलान के बाद इसकी वसूली को लेकर आमजन में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। लोग उलझन में है, क्या उन्हें अपनी पुरानी गाड़ी को बेचने पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी देना होगा या यह कर सिर्फ पंजीकृत वाहन विक्रेता या डीलर के लाभ मार्जिन पर आरोपित किया जाएगा? बता दें कि सिर्फ पंजीकृत वाहन विक्रेता अपने लाभ मार्जिन पर जीएसटी का भुगतान करेगा। अगर कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को या किसी वाहन डीलर को अपनी पुरानी या इस्तेमाल की हुई गाड़ी बेचता है तो उस पर उसे कोई जीएसटी नहीं देना होगा। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति 15 लाख रु पए में एक कार खरीदता है और 3 वर्षों तक उसका इस्तेमाल करता है, फिर उसे किसी व्यक्ति को 10 लाख रु पए में बेच देता है तो उसे बिक्री मूल्य पर कोई जीएसटी नहीं देना होगा। इसी तरह, अगर कोई व्यक्ति अपनी पुरानी और इस्तेमाल की गई गाड़ी को किसी पंजीकृत वाहन विक्रेता को समान कीमत पर बेचता है तो भी उसे बिक्री की राशि पर कोई जीएसटी नहीं देना होगी। जब डीलर उसी कार को किसी ग्राहक को 11 लाख रुपए में बेचता है तो उस डीलर को 1 लाख रु पए का लाभ होता है, जिसे यहां मार्जिन की संज्ञा दी गई है पर 18 प्रतिशत जीएसटी यानी 18,000 रु पए का भुगतान कर के रूप में करना होगा। यह कर पंजीकृत वाहन विक्रेता को इसलिए देना होगा, क्योंकि उसने यह लाभ अपने कारोबार के जरिये अर्जित किया है। इस क्रम में यदि पंजीकृत वाहन विक्रेता आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 32 केतहत बिक्री किए गए वाहन पर मूल्य ह्रास का दावा करता है तो भी उसे जीएसटी लाभ मार्जिनपरदेना होगा। यहां मार्जिन का अर्थ हुआ (विक्रय मूल्य-मूल्य ह्रास के बाद की शेष कीमत)। यदि यह मार्जिन नकारात्मक होगी तो डीलर को कोई जीएसटी नहीं देना होगा, लेकिन अगर यह सकारात्मक होगी तो उसे विक्रय मूल्य और खरीद मूल्य के बीच के अंतर यानी मार्जिन पर जीएसटी देना होगा। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। किसी वाहन की कीमत 20 लाख रुपए है और विक्रेता उसमें 9 लाख रुपए के मूल्य ह्रास का दावा करता है और वाहन बेचने की कीमत 10 लाख रुपए निर्धारित करता है। ऐसे में वाहन का विक्रय मूल्य, जो 10 लाख रूपये है से मूल्य ह्रास के बाद की कीमत, जो 11 लाख रुपए है से घटाने पर नकारात्मक मार्जिन निकलता है, इसलिए उसपर कोई जीएसटी नहीं देना होगा, लेकिन यदि वाहन को 10 लाख रुपए की जगह 12 लाख रुपए में बेचा जाएगा तो 1 लाख रुपए का सकारात्मक मार्जिन निकलेगा और 18 प्रतिशत की दर से उस पर वाहन डीलर को 18,000 रुपए जीएसटी के रूप में सरकार को भुगतान करना होगा। मार्जिन पर कर लगाना कोई नई बात नहीं है। यूपीए के कार्यकाल के दौरान भी पुरानी या इस्तेमाल की गई गाडि़यों की खरीद-फरोख्त के क्रम में मार्जिन पर कर की वसूली की जाती थी, जिसे %सर्विस टैक्स या सेवा कर' के नाम से जाना जाता था।

## मेटा की माफी से सोशल मीडिया मंचों को सख्त सन्देश

**ललित गर्ग**

फेसबुक के लिये भारत एक संभावनाओं भरा बड़ा बाजार होने के बावजूद उसकी भारत के प्रति सोच भ्रामक, विवादास्पद एवं नकारात्मक रही है। फेसबुक और मेटा भारत के तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर विवादों में घिरती रही हैं। हाल ही में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर भारत को लेकर दिये गलत बयान के मामले में फंस गए हैं। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोरोना के बाद दुनिया के कई देशों में मौजूदा सरकारें गिर गईं। भारत के लोकसभा चुनाव में भी नरेन्द्र मोदी सरकार हार गई। यह जनता का सरकारों में घटता भरोसा दिखाता है। इस बयान के बाद संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि इस गलत बयान पर कंपनी को माफी मांगनी चाहिए। वरना हमारी समिति उन्हें मानहानि का नोटिस भेजेगी। भारत सरकार की सख्त आपत्ति को देखते हुए भले ही मेटा ने माफी मांग ली हो, लेकिन मार्क भरोसे के लायक नहीं है। यह माफी जहां जरूरी थी वही अब स्वागतयोग्य भी है। लेकिन मार्क का भारत के प्रति नजरिया गैर जिम्मेदाराना, लापरवाहीपूर्ण एवं दोषपूर्ण है। ऐसी निरंकुश सोच एवं उच्छृंखल मानसिकता की बुनियाद पर संबंधों की खड़ी होने वाली इमारत खोखली एवं विनाशकारी ही होती है।

यह वाकई हैरत की बात है कि जुकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि भाजपा की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की एवं सफलतापूर्वक सरकार को चला रही है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और न केवल देश में बल्कि दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? क्या यह शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्रों के साथ-साथ वहां की बड़ी आर्थिक शक्तियों की भारत के प्रति विरोधाभासी दुर्भावना नहीं है। कैसे मान लिया जाये कि यह गलती



अनजाने में हुई है? क्या दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच फेसबुक को संभालने वाली इतनी बड़ी कंपनी के मालिक से ऐसी गलती की उम्मीद की जा सकती है और ऐसी गलती उनको शोभा देती है कि वह भारत जैसे देश के चुनाव परिणाम से परिचित न हों? अगर यह गलती जुकरबर्ग से भूल या अनजाने में हुई है, तो भी यह गंभीर बात है।

मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूह मेटा के लिए भारत एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण एवं संभावनाभरा खास देश बना हुआ है। मेटा अपने व्यापार को भारत में विस्तारित करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रहा है। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च 2024 में जामनगर में हुए बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में जुकरबर्ग शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था। इस तरह मेटा के लिए भारत अहम है, तो इसके मालिक को भारत का नाम बहुत संभलकर एवं सोच समझकर लेना चाहिए। वैसे भी भारत सरकार अमेरिका, यूरोपीय देशों या चीन की तरह आक्रामक एवं उग्र नहीं है। आक्रामक देशों में तो सरकारें फेसबुक या मेटा की गलतियों पर उसे न केवल सबक सीखाती है बल्कि कई बार ऐसी गलतियों के चलते कंपनियों को भारी जुर्माना भी चुकाना पड़ता है। उन देशों की कड़ाई का ही नतीजा है कि सोशल मीडिया कंपनियां इन देशों में बहुत सजग रहती हैं, जबकि भारत के मामले में उनकी नीति बदल जाती है। भारत की उदारता का ये कंपनियां अधिकतम दुरुपयोग करना चाहती हैं। भारत को भी उदारता, सरलता एवं लचीलेपन की जगह कठोर एवं सख्त रवैया अपनाना चाहिए क्योंकि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र एवं ठोस जगह बना चुका है। जुकरबर्ग से जुड़ा यह ताजा मामला ऐसे ही लोगों के लिये एक सबक एवं चेतावनी बनना चाहिए। भारत सरकार को चाहिए कि वह ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों को चेतावनी के शब्दों में सचेत कर दे कि वे भारत के महत्व को समझें, पर्याप्त सजग एवं सावधान रहें। भारतीयों को पता है कि साल 2019 में अमेरिका में फेडरल ट्रेड कमीशन ने उपयोगकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए फेसबुक पर पांच अरब डॉलर का जुर्माना लगाया था।

मेटा प्रमुख मार्क के भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी प्रतिक्रिया दी और इसे गलत जानकारीफ करार देते हुए तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया। मेटा के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट, शिवनाथ ठुकराल ने अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, मार्क जुकरबर्ग का यह कहना कि 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां फिर से नहीं चुनी गईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेशन से भरे भविष्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। भारत को अपना बाजार मानने वाले मेटा के लिये ऐसी भूल अनायास या जानबूझकर जैसे भी हो, होना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि भारत जैसे सशक्त एवं ताकतवर लोकतांत्रिक देश के लिये गलत जानकारी प्रसारित करना देश की छवि को धूमिल करती है। यह तो भारत की उदारता, सहिष्णुता एवं भलमनसाहत है कि उसने ऐसी अक्षम्य गलती पर भी माफी से संतोष कर लिया, वरना भारी जुर्माना या अन्य कठोर सजा के प्रावधान हो सकते थे। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। लेकिन इसके लिये समाज को नुकसान पहुंचाना कैसे जायज हो सकता है? इस तरह की गैर जिम्मेदारी एवं लापरवाही खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। ताजा विवाद को सरकार ने गंभीरता से लिया है, यह अच्छी बात है। लेकिन जरूरी है कि चिंता इसी मामले तक सीमित न रहे। हेट स्पीच, तथ्यों को तरोड़मरोड़ कर प्रस्तुत करना और फेक न्यूज के ऐसे अन्य मामले भी राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सरकार की सख्ती जहां मेटा को ज्यादा जिम्मेदार बनाये वहीं अन्य मंचों के लिये भी सबक बने।

माफी के बाद जुकरबर्ग जैसे मालिकों को भी यह सुनिश्चित होगा कि उनके अधीन चलने वाले सोशल मीडिया मंचों पर भारत के प्रति किसी झूठ, भ्रम एवं असत्य बयानी का सिक्का न चले। क्योंकि भारत की उदारता को उसकी कमजोरी मानने की मानसिकता घातक हो सकती है। भारत को लेकर कोई गलत सूचना संचारित-प्रसारित न हो, तथ्यों की प्रामाणिकता एवं सच्चाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मनगढ़ंत या झूठी सूचनाओं का प्रचार- संचार अब भारत के लिये सहनीय नहीं है। फेसबुक या अन्य सोशल मंचों पर बहुत सारी झूठी, भ्रामक, विध्वंसक या फर्जी सूचनाएं समय-समय पर घूमती रहती हैं, जिससे भारत की राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द, इंसानी सद्भावना आहत होती रही है। भारत के कतिपय राजनीतिक दल इसके लिये ऐसे मंचों को प्रोत्साहन भी देते हैं लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद भारत को मजबूती से इनके खिलाफ खड़े होकर उनको उनकी जमीन दिखाना ही चाहिए। ऐसी सख्ती ही भारत की छवि को मजबूती प्रदान करेंगी एवं तभी दुबारा ऐसा दुस्साहस करने की कोई चेष्टा नहीं करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रायोगिक वार्षिक परीक्षा 2025 का पारिश्रमिक राशि अभी तक आबंटित नहीं

**माध्यमिक शिक्षा मंडल का लापरवाही का नतीजा भुगत रहे हैं, विद्यालय के प्राचार्य अपने जेब से या विद्यालय के मद से भुगतान करने मजबूर**



**मुंगेली (समय दर्शन)** गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष कृष्णकुमार नवरंग ने प्रायोगिक वार्षिक बोर्ड परीक्षा में माध्यमिक शिक्षा मंडल पर लापरवाही का आरोप लगाया है ,और प्रायोगिक बोर्ड परीक्षा में शिक्षक को की जाने वाली भुगतान राशि को जानबूझकर रोका है।संगठन ने तत्काल आबंटन जारी करने की मांग की हैं । ज्ञात हो राज्य के हाइस्कूल ,हायर सेकंडरी स्कूल के बोर्ड परीक्षा 2025 का समय सारिणी जारी कर 10 जनवरी से 31 जनवरी के बीच सभी प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया हैं जिसके परिपालन में राज्य के सभी मान्यता प्राप्त शासकीय अशासकीय विद्यालय में प्रयोगिक परीक्षा सम्पन्न की जा रहीं है ,वहीं बोर्ड परीक्षा में शामिल फीस की राशि माह ऑक्टुबर में ली है ,परंतु प्रयोगिक परीक्षा में लगी वाह्य परीक्षक को यात्रा ब्यय के साथ भुगतान करने के लिए विद्यालय को जारी राशि अभी तक विद्यालय के खाते में जमा नहीं हुई हैं ,जिसके कारण विद्यालय के प्राचार्य अपने जेब से या विद्यालय के मद से भुगतान करने मजबूर हैं ,प्रयोगिक परीक्षा की शुरुआत 10 जनवरी से हुई एक सप्ताह बीत गया परंतु माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अभी तक उक्त विद्यालय के लिए आबंटन को जारी नहीं किया है । गवर्नमेंट एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने बोर्ड परीक्षा में माध्यमिक शिक्षा मंडल पर लापरवाही का आरोप लगाया है और आक्रोश जताया कि की वार्षिक परीक्षा फार्म में एक दिन विलंब पर जमा करने पर प्रतिदिन एक हजार पेनाल्टी लेने का जुर्माना लेने वाली संस्था वार्षिक परीक्षा के लिए आबंटन को रोकने पर जुर्माना किसे देगा। संगठन ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के प्रभारी से उक्त प्रायोगिक परीक्षा के पारिश्रमिक राशि के आबंटन तत्काल जारी करने निर्देश देने की मांग की है। एवं उक्त जानकारी कृष्णकुमार नवरंग प्रांताध्यक्ष गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएश छत्तीसगढ़ ने दिया।

### रियलमी ने 22,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर-चेंजिंग फोन, रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी लॉन्च किया, जिसके साथ 1,599 रुपये के शुरुआती मूल्य में रियलमी बड्स वायरलेस 5 एएनसी भी पेश किया

**नई दिल्ली:** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक उत्पाद – रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 5 पेश किए। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी दो इनोवेटिव मॉडलों रियलमी 14 प्रो 5जी और रियलमी 14 प्रो+ 5जी के साथ आ रही है। इन दोनों स्मार्टफोंस को मशहूर डेनिश डिज़ाईन स्टूडियो, वेल्योर डिज़ाईनर्स के सहयोग से बनाया गया है। इनके साथ दुनिया में पहले कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफोंस की शुरुआत हो रही है। इस नई रियलमी नंबर सीरीज़ का सबसे पहला स्मार्टफोन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी है, जिसका उद्देश्य फ्लैगशिप फीचर्स को मिड-रेंज स्मार्टफोंस में लेकर आना और अत्याधुनिक डिज़ाईन, इमेजिंग एवं परफॉर्मेंस प्रदान करना है। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी उद्योग में कई नई पहल करने वाली एक अत्याधुनिक डिवाईस है। इसमें दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफोन हैं। तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने पर ये दोनों मॉडल अपना रंग बदल लेते हैं, और पर्ल व्हाईट से वाईब्रेंट ब्लू में बदल जाते हैं। तापमान बढ़ने पर इनका रंग फिर से बदल जाता है। यह ब्रांड इस सेगमेंट में पहली बार स्वेड लैदर पेश कर रहा है, जो स्किन-फ्रेंडली टच के साथ एक ठोस एवं आरामदायक टैक्सचर प्रदान करता है। रियलमी ने इन स्मार्टफोंस के अलावा, रियलमी बड्स वायरलेस 5 एएनसी का लॉन्च भी किया है। ये वायरलेस ईयरबड बेहतर साउंड क्वालिटी के साथ सुगम यूज़र अनुभव प्रदान करते हैं, और ब्रांड की हाई-क्वालिटी ऑडियो डिवाईसेज़ का विस्तार कर रहे हैं। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम अपने लेटेस्ट इनोवेशन – रियलमी 14 प्रो सीरीज़ और रियलमी बड्स वायरलेस 5एएनसी लॉन्च करके बहुत उत्साहित हैं। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने और ग्राहकों को उद्योग के सर्वोत्तम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।

# स्वनिधि से समृद्धि :अपना और अपनों का भविष्य सुरक्षित बनाओ, स्वनिधि से समृद्धि शिविर में आओ

**पीएम स्वनिधि के लाभार्थी और उनका परिवार भारत सरकार की इन 8 योजनाओं से जुड़ सकता है:**

**स्वनिधि से समृद्धि' आई, जीवन में उजियाला लाई,रेहड़ी पटरी वालों को मिली 'स्वनिधि से समृद्धि' परिवार के खुशियों में हो रही वृद्धि:**

**दुर्ग (समय दर्शन)।** जिला कलेक्टर व निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण लेने वाले सभी हितग्राहियो को स्वनिधि से समृद्धि योजना से लिंक किया जा रहा है।पीएम स्वनिधि के लाभार्थी और उनका परिवार भारत सरकार की इन 8 योजनाओं से जुड़ सकता है।




पीएम सुरक्षा बीमा योजना,पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना,पीएम जन धन योजना,पीएम श्रम योगी मानधन योजना,वन नेशन वन राशन कार्ड योजना,बीओसीडब्लू( क्व्रूष्ठङ्ख ) के तहत पंजीकरण,जननी सुरक्षा योजना एवं पीएम मातृ वंदना योजना शामिल है।शहरी पथ विक्रेता जिन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 हज़ार या 20 हज़ार अथवा 50 हज़ार का लोन लिया है। इस योजना के माध्यम से उनके पूरे परिवार की सोशल प्रोफाइलिंग किया जाना है। स्वनिधि से समृद्धि योजना के माध्यम से शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे की आवास योजना,उज्वला योजना,जनधन खाता,पेंशन योजना,प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाश्रम योगी मानधन योजना निराश्रित पेंशन सहायता योजना आदि विभिन्न योजनाओं में पात्र पथ विक्रेताओं को सोशल प्रोफाइलिंग कर लाभान्वित किया जाना है।स्वनिधि से समृद्धि' आई, जीवन में उजियाला लाई,रेहड़ी पटरी वालों को मिली 'स्वनिधि से समृद्धि' परिवार के खुशियों में हो रही वृद्धि।इस योजना के तहत पथ विक्रेता अपने परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड लेकर नगर निगम के डाटा सेंटर में अपनी सोशल प्रोफाइलिंग करा सकते हैं तथा योजनाओ का लाभ ले सकते हैं।जन संपर्क विभाग/राजू बक्शी

## दो दिवसीय प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण में जिले के 73 वाहन चालक हुए शामिल

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़। धमतरी** / कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा धमतरी सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में 15 एवं 16 जनवरी को विभागीय वाहन चालकों का प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.प्रिया कंवर सहित कुल 73 वाहन चालक उपस्थित रहे। इनमें पहले दिन 37 और दूसरे दिन के प्रशिक्षण में 36 वाहन चालकों ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर वाहन चालकों को फर्स्ट एड की प्री एवं पोस्ट टेस्ट भी लिया गया। साथ ही सभी प्रकार के प्रारंभिक उपचार के बारे में बताते हुए प्रेक्टिकल कर ग्रुप वाईस चलित रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रबंध समिति इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन श्रीमती प्राप्ति वासानी, वाईस चेयरमेन श्री शिवा प्रधान, संगठक श्री आकाशगिरी गोस्वामी, जिला प्रबंध समिति इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं नेत्र सहायक अधिकारी डॉ.गुरूशरण साहू, श्री तोमेश्वर कुमार भण्डारी, श्री प्रदीप साहू उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के बाद सभी को प्राथमिक उपचार प्रमाण पत्र भी प्रदाय किया गया।




## पैरा आर्चरी नेशनल चैंपियनशिप जयपुर में शामिल हुई महासमुंद की सविता निषाद

**शंकर लहरे/ महासमुंद (समय दर्शन)।** 6वीं पैरा आर्चरी (महिला एवं पुरुष) राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 10 से 13 जनवरी 2025 तक पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर राजस्थान में आयोजित किया गया जिसमें महासमुंद जिले की सविता निषाद पिता नरेश निषाद वार्ड नंबर 14 लालवानी गली महासमुंद ने छत्तीसगढ़ की ओर से पहली बार तीरंदाजी खेल में नेशनल चैंपियनशिप में शामिल हुई। प्रशिक्षक मनमोहन पटेल बिलासपुर के मार्गदर्शन में सविता ने नेशनल चैंपियनशिप में भागीदारी की। इस चैंपियनशिप में सविता ने इंडियन राउंड टीम इवेंट में 30 मी एवं 50 मीटर की दूरी में शामिल हुई। छत्तीसगढ़ की टीम इवेंट में महासमुंद जिले से सविता निषाद के साथ रायगढ़ जिले से चंचल पटेल एवं रायगढ़ से ही श्याम कुमारी टीम में शामिल रही, जिन्होंने नेशनल चैंपियनशिप में एक साथ टीम इवेंट में भागीदारी की। सविता के तीरंदाजी में पहली बार नेशनल चैंपियनशिप में भागीदारी करने के लिए खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग संगीता सिंह, अध्यक्ष जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, आशुतोष शर्मा, गुलाब ठाकुर, अमित हिषिकर, डॉ. सुनील कुमार भोई, अध्यक्ष जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ निरंजन साहू, सचिव तोरण यादव, पुनेंद्र चंद्राकर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



## युवा आजाद समिति रोहिना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 26 जनवरी से




**शंकर लहरे**

**सरायपाली (समय दर्शन)।** विधानसभा अन्तर्गत युवा आजाद समिति रोहिना का बैठक संरक्षक केशव सेठ व अध्यक्ष लोचन प्रसाद साहू के नेतृत्व में रखा गया। बैठक में समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता 2025 आयोजित करने का निर्णय लिया है।यह समिति कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिये इस अंचल में अपनी अलग पहचान रखती है व इस समिति द्वारा लगातार 37वर्ष तक छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया जा चुका है। युवा आजाद समिति रोहिना के तत्वावधान में लगातार 38वें वर्ष के कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन दो दिवसीय , 26 जनवरी व 27 जनवरी 2025 को रखा गया है। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21001 रुपये व ट्राफी,द्वितीय 11001 रुपये व ट्राफी,तृतीय 7001 रुपये व ट्राफी चतुर्थ 5001 रुपये व ट्राफी रखा गया है। तथा 5 वां,6 वां,7 वां,8 वां पुरस्कार 1000 रुपये ,साथ ही बेस्ट आलराउंडर, बेस्ट रेडर,बेस्ट केचर का विशेष आकर्षक पुरस्कार रखा गया है।

इस कबड्डी खेल प्रतियोगिता को लेकर सरायपाली अंचल के खेलप्रेमियों में बड़ा उत्साह देखा जाता है व इस प्रतियोगिता के लिए इंतजार करते रहते हैं ।यह प्रतियोगिता विगत 37वर्षों से 26जनवरी को ही आयोजित होते आ रहा है।

इस वर्ष के प्रतियोगिता के नियमों में ग्रामीण प्रतिभा को निखारने के लिए एक बड़ा परिवर्तन किया गया है।छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी ग्राम पंचायत के खिलाड़ी एक टीम का हिस्सा होंगे। व प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रथम दिवस उपस्थिति देना अनिवार्य होगा।

बैठक में प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिये युवा आजाद समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को दायित्व सौंपा गया है। आज के समिति के बैठक में भीष्मदेव टेकाम, महेंद्र साहू,शत्रुघ्न गोरियर, त्रिलोकेश सेठ,प्रभात सेठ, धनुर्जय मरकाम, राहुल सिदार, क्षेत्रपाल टेकाम, सुमित साहू, प्रकाश सेठ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## विधायक चातुरी नंद ने निर्माणाधीन गौरव पथ का किया औचक निरीक्षण...गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

**पोल शिफ्टिंग कार्य में अघोषित बिजली कटौती और बरती जा रही लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश**

**व्यापारियों की समस्याओं से हुईं रूबरू**

**शंकर लहरे**



**सरायपाली ( समय दर्शन)।** निर्माणाधीन गौरव पथ का औचक निरीक्षण करने क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद अग्रसेन चौक पहुंची। इस दौरान पोल शिफ्टिंग कार्य में भारी लापरवाही सामने आई जिस पर विधायक नंद ने विद्युत विभाग के डी ई को इस्टीमेट के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश सीएमओ और डी ई को दिए।

विधायक नंद को उपस्थित व्यापारियों और नागरिकों ने बताया कि गौरव पथ निर्माण के तहत नवीन पोल शिफ्टिंग का कार्य कराया जा रहा है जिसमें मेजरमेंट के विरुद्ध कार्य कराया जा रहा है। उपस्थित लोगों ने पुराने पोल में डेंटिंग पेंटिंग कर लगाने की शिकायत की जिसे विधायक नंद ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश प्रदान किए।

विदित हो कि सरायपाली में 41 करोड़ रुपए की लागत से गौरव पथ का निर्माण कराया जा रहा है। गौरव पथ निर्माण के तहत पोल शिफ्टिंग कार्य कराया जा रहा है परंतु ठेकेदार द्वारा मनमानी पूर्वक कार्य करते हुए लापरवाही बरती जा रही है। ठेकेदार की लापरवाही और बिजली कटौती से आमजन परेशान है।

गौरव पथ निर्माण निरीक्षण के नपा के सीएमओ दिनेश यादव, एई बजरंग आंडील, पूर्व पार्षद सुरेश भोई, कमल अग्रवाल, विजय यादव, पत्रकार दिलीप गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अरमान हुसैन, मोहसिन मेमन, केशव अग्रवाल, जयंत यादव, रोशन नाग, अनस हुसैन,विरेन्द्र यादव, समेत व्यापारीगण और नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुंगेली पुलिस ने रिकव्हर किये 20 लाख रुपये से अधिक के 130 नग मोबाइल फोन

**मुंगेली (समय दर्शन )** मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन में गठित की गयी थी विशेष टीम। टीम ने CEIR Online Portal से जानकारी एकत्रित कर जिले में संचालित मोबाइल के साथ-साथ अन्य सीमावर्ती जिलों तथा उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, उड़ीसा इत्यादि राज्यों से भी मोबाइल फोन रिकव्हर करने में सफलता प्राप्त की है।

गुम मोबाइल ट्रेस करने के लिए CEIR Online Portal (https://www.ceir.gov.in) सेवा शासन द्वारा संचालित है, जिसमें नागरिक अपने गुम हुए मोबाइल की ऑनलाईन शिकायत दर्ज कराकर उसे ब्लॉक करा सकते हैं। पोर्टल पर दर्ज गुम मोबाइल की शिकायत घटना क्षेत्र अनुसार साइबर सेल एवं थाना के पोर्टल पर फॉरवर्ड की जाती है, जिस पर ट्रेसिबिलिटि डेटा प्राप्त कर पुलिस द्वारा आगे की




कार्यवाही की जाती है। उक्त ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से मुंगेली पुलिस को बहुत से आवेदन प्राप्त हुए थे। मोबाइल रिकव्हरी हेतु पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मुंगेली सालिक राम घृतलहरे के पर्यवेक्षण में टीम गठित किया गया। निरीक्षक संजय सिंह प्रभारी साइबर सेल के नेतृत्व में टीम द्वारा लगातार खोजबीन कर एक्टिव हुए मोबाइलों में से 130 नग मोबाइल जिनकी अनुमानित कीमत 20 लाख रूपये हैं जिन्हे सरहदी जिले बिलासपुर, जांजगीर-चाँपा, रायपुर, बलौदाबाजार, बेमेतरा, कवर्धा तथा दीगर राज्य उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, उड़ीसा से रिकवर कर उनके वास्तविक मालिकों को साइबर सेल मुंगेली, थाना सिटी कोतवाली परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर दिनांक 17.01.2025 को वापस लौटाकर उन्हें नव-वर्ष का तोहफा दिया गया तथा अन्य एक्टिव ट्रेसिबल मोबाइलों को रिकव्हर किया जा रहा है। जिले के पुलिस कप्तान द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को साइबर अपराध संबंधी पॉम्प्लेट वितरित कर साइबर अपराध की प्रकृति एवं खतरे के विषय में जानकारी दी गयी, जिसमें मुख्यत: डिजिटल अरेस्ट, डॉट एपीके फाईल, सेक्सटॉर्शन, मोबाइल हैकिंग इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गयी। साइबर अपराध घटित होने पर तत्काल इसकी शिकायत साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करके, ऑनलाईन पोर्टल पर लॉगिन करके या फिर अपने नज़दीकी थाना जाकर शिकायत दर्ज कराने समझाईश दी गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### वित्त मंत्री ओ पी चौधरी द्वारा पंजीयन विभाग के पुनरीक्षित सेटअप को मंजूरी तथा रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती की मंजूरी

**पाटन।** वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी ने स्वयं पहल करते हुए रजिस्ट्री विभाग के पुनरीक्षित सेटअप को स्वीकृति दिया है ।इस नए सेटअप में पंजीयन विभाग में विभिन्न श्रेणी के 85 नए पद सृजित किए गए हैं । इसके साथ ही मंत्री श्री चौधरी ने पंजीयन विभाग के वर्तमान लागू सेटअप के विभिन्न श्रेणी के लगभग 100 रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती को मंजूरी दिया है ।विदित हो कि राज्य विभाजन के बाद से 24 वर्षों से रजिस्ट्री विभाग का सेटअप रिवीजन लंबित था ।रजिस्ट्री विभाग के अधिकारी कर्मचारी लंबे समय से सेटअप पुनरीक्षण की मांग कर रहे थे। सेटअप रिवीजन नहीं होने से रजिस्ट्री विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों को पदोन्नति के अवसर नहीं मिल पा रहे थे।- 25 30 साल की सेवा के बाद भी एक भी पदोन्नति नहीं मिल पा रहा था ,जबकि उनके समकक्ष दूसरे विभाग के अधिकारी कर्मचारी तीन चार पदोन्नति प्राप्त कर चुके होते थे। राज्य विभाजन के बाद रजिस्ट्री विभाग का काम, दस्तावेज संख्या तथा राजस्व कई गुना बढ़ चुका है, लेकिन सेटअप रिवीजन नहीं होने से कर्मचारी अधिकारी काम के अत्याधिक बोझ से ग्रसित थे। राज्य विभाजन के बाद से दूसरे विभागों का सेटअप कई कई बार रिवाइज हो चुका है। पंजीयन विभाग के वर्तमान सेट अप रिवीजन में महानिरीक्षक पंजीयन पुष्पेंद्र मीणा ने भी काफी प्रयास किया। सेट अप रिवीजन से राज्य के युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। रिक्त पदों पर भर्ती की मंजूरी दिए जाने से राज्य के बेरोजगार युवाओं को तत्काल भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिलेगा। वहीं दूसरी ओर पंजीयन विभाग को अपने कर्तव्यों को अधिक कुशलतापूर्वक निर्वहन करने में आसानी होगी। सेट अप रिवीजन तथा रिक्त पदों पर भर्ती के मंजूरी दिए जाने से जनता को भी सुविधा होगी। छत्तीसगढ़ पंजीयन मुद्रांक संघ ने सेटअप रिवीजन किए जाने और रिक्त पदों पर भर्ती की स्वीकृति दिए जाने का स्वागत किया है, तथा वर्षों से लंबित इस कार्य को तत्काल पूरा किए जाने पर माननीय मंत्री श्री ओपी चौधरी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 18/01/2025 में विकासखंड पाटन से सम्मिलित होंगे 1838 विद्यार्थी

**पाटन।** वि. ख.पाटन के अंतर्गत कक्षा पांचवी में अध्यनरत एवं परीक्षा के लिए पंजीकृत1838 बच्चे कल होने जा रही जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 में सम्मिलित होंगे। विकासखंड पाटन के प्रतियोगिता परीक्षा प्रभारी कमल देवांगन ने बताया कि प्रतिवर्ष नवोदय विद्यालय समिति द्वारा यह परीक्षा आयोजित की जाती है जिसमें दुर्ग जिले के कुल 80 सीटे हैं,जिसमें 75न्न ग्रामीण एवं 25न्न शहरी बच्चों के लिए आरक्षित है। विकासखंड पाटन में कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं सेजस पाटन 288, कन्या पाटन 288, सेजस सेलूद 240, कन्या सेलूद 192, देवादा 240, गोंडपेंड्री 192, पतोरा 192, तथा बठेना 206 में कुल 1838 बच्चे सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा के लिए कार्यालय विकासखंड में सहायता केंद्र स्थापित किया गया है यदि किसी छात्र को प्रवेश पत्र प्राप्त करने में कठिनाई महसूस हो रही है तो विकासखंड कार्यालय के द्वारा पंजीयन क्रमांक एवं उनके जन्म दिनांक (पासवर्ड) के आधार पर उन्हें प्रवेश पत्र प्रदान किया जा रहा है द्य ज्ञात हो विकासखंड प्रतिवर्ष पाटन से बच्चों का चयन हो रहा है तथा इस वर्ष भी अधिक से अधिक बच्चों का चयन हेतु विद्यालय स्तर पर आवश्यक तैयारी कराई जा रही है कल होने जा रहे परीक्षा के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री प्रदीप महिलांगे ने सभी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में होंगे शामिल

**महासमुंद( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार 18 जनवरी को महासमुंद के दौरे पर रहेंगे। वे महासमुंद पहुंचकर महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर माविद्यालय मचेवा महासमुंद में स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रोटोकॉल से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री साय पुलिस ग्राउंड हेलीपैड से सुबह 11.35 बजे महासमुंद के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना होंगे तथा 11.55 बजे महासमुंद पहुंचेंगे। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात वे दोपहर 2.05 बजे जेठा सक्ती के लिए प्रस्थान करेंगे।

# अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली में नगर मण्डल भाजपा कार्यसमिति की प्रथम बैठक हुई जिसमें नगर पालिका चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा



**मुंगेली ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल की प्रथम बैठक नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में हुई जिसमें नगरीय निकाय चुनाव के जिला प्रभारी प्रहलाद रजक व मुंगेली नगर पालिका चुनाव प्रभारी पवन गर्ग उपस्थित रहे।

अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली में नगर मण्डल भाजपा कार्यसमिति की प्रथम बैठक हुई जिसमें नगर पालिका चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला ने कहा कि विधानसभा व लोकसभा बड़े नेताओं का चुनाव होता है किंतु यह कार्यकर्ताओं का चुनाव है। जिला निकाय चुनाव प्रभारी प्रहलाद रजक ने कहा कि नीचे से ऊपर तक भाजपा की सरकार बने यह हम सबका दायित्व है। नगर पालिका मुंगेली चुनाव प्रभारी पवन गर्ग ने कहा कि किसी एक वार्ड में पार्षद पद के कई दावेदार हो सकते हैं परंतु एक को टिकट मिलने पर उसे जिताना अन्य सभी दावेदार एवं कार्यकर्ता का दायित्व हो जाता है। जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सभी कार्यकर्ताओं को नगरीय निकाय चुनाव एकजुटता से लड़ने की अपील की। पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने मुंगेली की ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करने की अपील कार्यकर्ताओं से की। इससे पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी ने स्वागत भाषण करते हुए सभी को नगरीय निकाय चुनाव में गंभीरता से कार्य कर भाजपा को विजयी बनाने की बात कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर मण्डल के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। संचालन नगर मण्डल महामंत्री रामशरण यादव ने तथा आभार मुकेश रोहरा ने किया। इस अवसर पर नगर के 22 वार्डों के लिए पार्षद पद के तथा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों ने अपना आवेदन संगठन के नेताओं को सौंपा है। नगर के सभी 22 वार्डों में चुनाव के संदर्भ में बैठक एक ही दिन 18 जनवरी शनिवार को सभी वार्डों में होगी।

## वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं प्रभारी सहकारिता विस्तार अधिकारी पिथौरा निलंबित

**महासमुंद ( समय दर्शन )।** राज्य शासन के समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य के अंतर्गत उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण और पर्यवेक्षण में लापरवाही और कदाचरण के आरोप में श्री एस.के. डे, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं प्रभारी सहकारिता विस्तार अधिकारी, विकासखंड पिथौरा, जिला महासमुंद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा के माध्यम से प्रेषित प्रतिवेदन के अनुसार संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत की गई है। एस.के. डे पर जानबूझकर लापरवाही और मनमानी करने का आरोप है, जिससे राज्य शासन के महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। यह आचरण सेवा नियमों के प्रतिकूल पाया गया। निलंबन के दौरान एस.के. डे का मुख्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता पाने की पात्रता होगी। उल्लेखनीय है कि विगत शुक्रवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा विकासखण्ड पिथौरा के पथरला, जाड़मुड़ा, आरंगी और नरसैयापालम धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमें श्री एस.के.डे. द्वारा विकासखण्ड पिथौरा में संचालित धान उपार्जन केन्द्रों में समुचित रूप से निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण नहीं किया जाना पाया था। इसके अलावा धान के बोरे फड़ में बिना स्टैकिंग के रखा गया था जो भौतिक सत्यापन के योग्य नहीं था। उनके द्वारा शासन के महत्वपूर्ण कार्य धान खरीदी में अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में जानबूझकर लापरवाही किया जाना पाया गया था।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न



**ब्यूरों सैय्यदा मुनीजा़ हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़। धमतरी/** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री नम्रता गांधी की अध्यक्षता में आज राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सभी स्कूल एवं आंगनवाड़ी के 100 गज के दायरे में कोटपा अधिनियम 2003 के उल्लघंन पर प्रतिबंध सुनिश्चित करना, सभी सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त करना, प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा धारा 4 और 6 के उल्लंघन के तहत चालानी कार्रवाई, सभी शासकीय भवनों एवं कार्यालय में तंबाकू मुक्त किए जाने हेतु प्रचार प्रसार एवं स्कूलों कालेजों के 100 गज के दायरे में और सभी विभागों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में बताया गया कि कोटपा अधिनियम को सुचारू रूप से लागू करने हेतु बस स्टैंड, सभी सार्वजनिक स्थानों को धूम्रपान मुक्त किया जाने एवं सभी विभागों में नोडल अधिकारी नामांकित किया जाना है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.प्रिया कंवर ने बताया कि सभी कार्यक्रम के साथ समन्वय करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह एवं आवश्यक तैयारी हेतु विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नपाप अहिवारा के दावेदारों ने दिए बायोडाटा



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** भाजपा भिलाई अहिवारा मंडल का चुनावी बैठक सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। नपाध्यक्ष, पार्षद, जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं सरपंच पदों दावेदारों ने की दावेदारी।

बैठक में मुख्य अतिथि ङ्क श्री संदीप शर्मा जी (भाजपा जिला संगठन) थे । अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायकङ्क श्री डोमन लाल कोर्सेवाडा जी, नगर पालिका परिषद अहिवारा के चुनाव प्रभारीङ्क श्री सचिन बघेल जी, पूर्व विधायक द्वय ङ्क श्री सांवला राम डाहरे एवं लाभचंद बाफ्ना जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यङ्क श्री रविशंकर सिंह जी जिला महामंत्री ङ्क श्री प्रेम लाल साहू जी, अहिवारा मंडल प्रभारीङ्क श्री विजेंद्र सिंह जी, मंडल संयोजकङ्क श्री आर डी पटेल जी, नपाध्यक्ष अहिवाराङ्क श्री नटवर ताम्रकर जी, भाजपा जिला उपाध्यक्षङ्क श्री योगेंद्र सिंह जी, भाजपा जिला मंत्री द्वय ङ्क श्री विजय जायसवाल जी एवं श्रीमती अमिता बंजारे जी, निवर्तमान मंडल अध्यक्षङ्क श्री लीमन साहू जी एवं विधायक प्रतिनिधी श्री सतीश साहू जी विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संदीप शर्मा जी ने कहा कि कमल फूल को गुरु मानकर पार्टी गाइडलाईन में कार्य करेंगे। जितने योग्य कार्यकर्ता को ही प्रत्याशी बनाया जाएगा जिसे सब मिलकर जीतने में जिताएंगे। नगर पालिका परिषद अहिवारा के चुनाव प्रभारी सचिन बघेल जी कहा कि आप लोगों के सहयोग के लिए मै प्रभारी बनकर आया हूं सब मिलकर कार्य करेंगे और शत प्रतिशत सीटों पर भाजपा प्रत्याशी को जिताएंगे। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा कि अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में एक वर्ष में 132 करोड़ का विकास कार्य, विष्णुदेव सरकार का सुशासन और मोदी की गारंटी को लेकर चुनावी मैदान में उतरेंगे और जीत दर्ज करेंगे। जिला महामंत्री प्रेम लाल साहू कहा कि भिलाई एक शहरी जिला था परंतु अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्य करना है प्रत्याशियों के चयन में पारदर्शिता रखी जाएगी, पार्टी अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे। दावेदारों ने मंडल व जिला संगठन सहित प्रभारियों व विधायक को बायोडाटा देकर दावेदारी प्रस्तुत किए है। बैठक में स्वागत भाषण नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष राम जी निर्मलकर ने दिया, कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री लीमन साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविशंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी, जिला व मंडल के समस्त कार्यकारिणी, मोर्चा प्रकोष्ठों के समस्त कार्यकारिणी, समस्त जनप्रतिनिधिगण, मंडल के वरिष्ठ एवं देवतुल्य कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में दावेदार उपस्थित थे।

## अवैध अतिक्रमण की चपेट में ज़िला मुख्यालय



**बालोद ( लक्की अरोरा )।** जिला मुख्यालय की शासकीय जमीन अवैध अतिक्रमण की भेंट चढ़ते जा रहा है। रहवासी क्षेत्र के साथ ही खेत खलिहान जाने वाले चौड़े मार्ग भी गलियों के रुप में सिमटते जा रहे हैं। नगर में कहीं कहीं तो पूरी शासकीय जमीन तथा आने जाने का मार्ग ही अवैध अतिक्रमण के चलते विलुप्त हो गया है जिस बात की जानकारी होने के पश्चात् भी न ही जिम्मेदार प्रशासन और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि द्वारा कोई कदम उठाया जा रहा है। नगर प्रशासन की इसी अनदेखी के चलते अवैध अतिक्रमण

करने वालों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक तीन महामाया वार्ड के श्री कपिलेश्वर महादेव मंदिर समूह तथा दशहरा तालाब से होकर खेत खलिहानों की ओर जाने वाला धरसा मार्ग अब से कुछ समय पूर्व लगभग 40 से 42 फीट चौड़ा मार्ग हुआ करता था जहां से किसान अपने कृषि कार्य के लिए एक साथ दो-दो बैलगाड़ी तथा ट्रैक्टर लेकर गुजरते थे जो वर्तमान में पूरी तरह अवैध अतिक्रमण की चपेट में आ गया है।

मार्ग के किनारे बेताहाशा हुए अवैध अतिक्रमण के चलते 40 से 42 फीट चौड़ा मार्ग वर्तमान में 15 से 18 फीट तक ही सिमट कर रह गया है। अवैध अतिक्रमण करने वालों के हौसले का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है

उल्लेखनीय है कि नगर के नयापारा वार्ड क्रमांक तीन में ही विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ गदाही तालाब अवैध अतिक्रमण के चलते पहुंच विहीन तालाब बनकर रह गया है जहां आने जाने का मार्ग ही गायब हो गया है पालिका प्रशासन तथ जन प्रतिनिधियों की शह पर जिला मुख्यालय में अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। धरसा मार्ग में अवैध अतिक्रमण के चलते कृषि कार्य में परेशानियों का

सामना कर रहे नयापारा के किसान एवं पूर्व पार्षद कुंवरसिंह साहू एवं अन्य किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अवैध अतिक्रमण से शासकीय जमीन को मुक्त कराने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने कलेक्टर को बताया कि इसके पूर्व 31 मई को भी तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की जा चुकी है लेकिन तहसीलदार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। किसानों ने बताया कि धरसा मार्ग में हुए अवैध अतिक्रमण से किसानों को आने जाने में तथा कृषि कार्य में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने कलेक्टर से धरसा मार्ग में हुए अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन, चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर वार्डवासियों की सुनी समस्याएं

**लोरमी नगर के विकास के लिए 53 करोड़ रुपए हुए है स्वीकृत, हमारी सरकार में मूलभूत आवश्यकताओं की नहीं होगी कमी : उप-मुख्यमंत्री अरुण साव**

### उप-मुख्यमंत्री अरुण साव झाफल और बंधवा में स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में हुए शामिल



**मुंगेली ( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव लगातार फील्ड में उतरकर विकास कार्यों के जमीनी हालात का जायजा ले रहे हैं। साव ने लोरमी शहर के तुलसाघाट वार्ड में निर्मित सीसी रोड का औचक निरीक्षण किया। साव ने तुलसाघाट वार्ड में सड़क का भूमिपूजन भी किया 18 लाख के विकास कार्यों के लिए नगरवासियों ने आभार जताया। वहीं हाईस्कूल मैदान में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके बाद झाफ्ल,एवं बंधवा के स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए।

**उप-मुख्यमंत्री साव ने सीसी रोड निर्माण का किया औचक निरीक्षण-** उप मुख्यमंत्री साव ने नगर पालिका लोरमी के तुलसाघाट में 14 लाख रुपए के सीसी रोड का भूमिपूजन किया, यहां 80 लाख रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने वार्ड में निर्मित इन सड़कों का निरीक्षण किया, सड़क की गुणवत्ता को लेकर लोगों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान भी घरों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी और सरकार द्वारा सारी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। साथ ही तुलसाघाट वासियों की मांग पर मनियारी नदी पर पुलिया बनाने का वादा किया। इसके बाद वार्ड 15 में निर्माणाधीन सतनाम भवन का जायजा लिया और अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साव ने बताया कि सरकार ने लोरमी शहर में विकास के लिए एक साल में ही 53 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं।

**लोरमी हाइस्कूल मैदान में विकास कार्यों का भूमिपूजन-** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी हाइस्कूल मैदान में 44 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने बताया कि, स्कूल में बाउंड्रीवाल का निर्माण 25 लाख रुपए से अधिक की लागत से किया जाएगा। शहर के खिलाड़ियों की सुविधा के लिए 19 लाख रुपए में अच्छी रौशनी की व्यवस्था की जाएगी। लाइट लगने से मैदान में रात्रि समय में भी विविध धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में भी मदद मिलेगी।

**सरस्वती शिशु मंदिर में सनातन संस्कृति और परंपरा की शिक्षा-** साव सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक शाला झाफ्ल के वार्षिकोत्सव समारोह में सम्मिलित हुए और सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि, सरस्वती शिशु मंदिर में सनातन संस्कृति और परंपरा के अनुसार नैतिक शिक्षा दी जाती है। उन्होंने बताया कि, गांव में सरकार ने अनेक विकास कार्य स्वीकृति किए हैं, धान उपार्जन केंद्र में 10 लाख रुपए से चबूतरा निर्माण कार्य जारी है। मुख्य मार्ग लोरमी से पुराना ग्राम पंचायत गौरव पथ निर्माण के लिए 40 लाख रुपए की स्वीकृति जल्द होगी। उपमुख्यमंत्री ने सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के लिए 10 लाख रुपए और झाफ्ल गंगा नगर में नवधा रामायण मंच निर्माण के लिए 5 लाख की घोषणा की।

**बंधवा में युवाओं का किया सम्मान-** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दशरथलाल अमरीका बाई आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम बंधवा में आयोजित युवा सम्मान एवं वार्षिकोत्सव समारोह में प्रतियोगी परीक्षा में चयनित एवं प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित कर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने समारोह में एकलव्य स्कूल से दशरथलाल स्कूल तक सीसी रोड निर्माण एवं स्वेच्छानुदान से राशि देने की घोषणा की। हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने का कार्य कर रही है। 5वीं-8वीं की परीक्षा को केंद्रीकृत किया है। क्षेत्र के युवाओं के लिए लोरमी में नालंदा परिसर (हाईटेक लाइब्रेरी) की सौगात दी है।

## खबर-खास

### सरदार वल्लभ भवन परिसर में लर्निंग लाइसेंस एवं प्रदूषण जांच शिविर आज

**परिवहन विभाग के सहयोग से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान।**




**कवर्धा (समय दर्शन)।** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन और यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो के नेतृत्व में लर्निंग लाइसेंस एवं प्रदूषण जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे- आधार कार्ड (फोटो कॉपी), पासपोर्ट साइज फोटो, पैन कार्ड या आठवीं/दसवीं की अंकसूची (जिसमें जन्मतिथि अंकित हो) लेकर आने कहा गया है। वहीं शिविर में आप न केवल अपने लर्निंग लाइसेंस बनवा सकते हैं, बल्कि अपने वाहनों की प्रदूषण जांच भी करवा सकते हैं। सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अपने समय की महत्ता को समझते हुए, निर्धारित समय पर इस शिविर में पहुंचे। सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, और आपकी सक्रिय भागीदारी इसे और मजबूत बनाएगी। कृपया अपने दोस्तों और परिचितों के साथ अधिकतम संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ अवश्य उठाएं।

### स्वामी करपात्री जी स्कूल में छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से दी यातायात सुरक्षा की सीख

**कवर्धा (समय दर्शन)।** 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के दिशानिर्देश में यातायात पुलिस ने स्वामी करपात्री जी स्कूल में एक विशेष यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षककृष्णा चंद्राकर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो एवं यातायात स्टाफ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। छात्राओं ने नाटक के जरिए तेज गति, हेलमेट न पहनने, और सीट बेल्ट न लगाने जैसे कारणों से होने वाली दुर्घटनाओं को उजागर किया। साथ ही, पैदल चलने वालों और साइकिल सवारों के लिए सुरक्षा उपाय अपनाने की अपील की। इस आयोजन में यातायात पुलिस के अधिकारी एएसआई श्री यादव, प्रधान आरक्षक दीपक, प्रधान आरक्षक मोरजध्वज चंद्रवंशी, आरक्षक संजू चंद्रवंशी और राजेश महोबिया ने भी विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाया और उन्हें सुरक्षित तरीके से सड़क पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला पुलिया निर्माण का भूमिपूजन किया

**कवर्धा (समय दर्शन)।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने गुरुवार को विधानसभा की बहुप्रतीक्षित मांग और विकास में मील का पत्थर साबित होने वाली हरिनाला पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया और इस सौगात के लिए जनता को बधाई दी। उन्होने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया।

विदित हो कि कई वर्षों से पंडरिया विधानसभा एंव क्षेत्रवासियों की यह बहुप्रतीक्षित मांग रही है कि बारिश के मौसम में इस नाले में पानी ओवर फ्लो होने की वजह से आवागमन बाधित हो जाता था। इस समस्या को दूर करने के लिए हरिनाला में पुल निर्माण के लिए विधायक भावना बोहरा के लगातार प्रयास के बाद भाजपा सरकार द्वारा 76 लाख 29 हजार रुपए की राशि का टेंडर जारी कर दिया गया है। इससे हरिनाला में 18 मीटर पुल का निर्माण होगा, जिसका विधायक भावना बोहरा ने भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि जनता की सुविधाओं का विस्तार करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना ही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। विगत वर्षों से क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार हरिनाला में पुल निर्माण हेतु मांग की जा रही थी आज उनकी यह मांग पूरा होते देख बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। इस पुल के निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को अब बारिश के मौसम में आवागमन बाधित होने की समस्या से निजात मिलेगा, वहीं बिना



किसी अवरोध के वे अपने दैनिक व निजी कार्यों के लिए आवागमन कर सकेंगे। इसके लिए 76 लाख रुपए से अधिक राशि से लगभग 18 मीटर लंबे पुल का निर्माण किया जाएगा ताकि क्षेत्रवासियों को रोड कनेक्टिविटी में कोई अवरोध उत्पन्न न हो। उन्होने कहा कि तय समय मे निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। मैं स्वयं इस कार्य को तय समय मे पूरा करने व गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त करती रहूंगी। यह पंडरिया विधानसभा वासियों के लिए सबसे बड़ी सौगात है जिसके लिए मैं पंडरिया विधानसभा के समस्त लोगों को बधाई देती हूँ।

डबल इंजन भाजपा सरकार में हो रहे विकास कार्यों से आज हर व्यक्ति को सुविधा एवं योजनाओं का लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों के हित में निर्णय लिया गया, उन 18 लाख गरीब परिवारों के लिए निर्णय लिया गया जिन्होंने अपने पक्के आवास का सपना देखा था, उन युवाओं के लिए निर्णय लिए गए जो रोजगार की तलाश कर रहे थे और जिनका भविष्य कांग्रेस ने सीजी-पीएससी जैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी, उन माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए निर्णय लिया गया जो पांच वर्षों तक अपेक्षित थी।

उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार ने किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस दिया, 3100 रुपए प्रति क्विंटल में आज धान खरीदी हो रही है, महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को आर्थिक सहयोग मिल रहा है, तेंदुपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा और गरीब परिवारों को आवास मिला। आज इन संकल्पों को पूरा करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में रुके विकास कार्यों को नए पंख दिए। आज पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, अधोसंरचना विकास से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है, तो वहीं जनता को सुविधा भी मिल रही है।

## जिले में टेली मानस सेवा का हुआ शुभारंभ

**मानसिक स्वास्थ्य सुधार संबंधी सेवाओं के लिए चौबीसों घंटे सक्रिय हेल्पलाईन नम्बर जारी**

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और जिला चिकित्सालय गरियाबंद द्वारा आम जनता के हित में एक नई सेवा की शुरुआत की गई है।जिला चिकित्सालय गरियाबंद में संचालित स्पर्श क्लिनिक के माध्यम से टेली मानस के नाम से मानसिक स्वास्थ्य सुधार संबंधी सेवाएं शुरू की गई है। यह टेली मेंटल हेल्थ असिस्टेंस और नेटवर्किंग अक्रॉस स्टेट्स देश भर में प्रदान करने के लिए सातों दिन चौबीसो घंटे टेलीफोनिक परामर्श सेवा है।मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित कोई भी व्यक्ति टोल फ्री नंबर 14416, 18008914416 में डॉयल कर मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलर से बात कर उचित परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। टेली मानस सेवा में 23 टेली मेंटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का नेटवर्क शामिल है। टेली मानस सेल के माध्यम से सहायता और निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के द्वारा दी जा रही है। इससे ई-संजीवनी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स और आपातकालीन मनोरोग सुविधाओं को भी जोड़ा गया है।

सीएमएचओ ने बताया कि कभी-कभी व्यक्ति किसी व्यक्तिगत या अन्य कारण से अत्यधिक तनाव में आ जाता है और स्वयं को अथवा दूसरे को हानि पहुंचाने की कोशिश करता है,परीक्षा में,प्रेम में असफल होने पर आत्मघाती कदम उठाने को आतुर हो जाता है,या नशे का आदी होकर परिवार से लड़ता है,अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ धन का भी नुकसान करता




है,इन परिस्थितियों में व्यक्ति की मानसिक स्थिति अत्यंत खराब हो जाती है, जिसे सही समय पर उचित परामर्श की आवश्यकता होती है।ऐसी स्थिति में व्यक्ति टोल फ्री नंबर 14416, 18008914416 में डॉयल कर मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलर से बात कर उचित परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।यह परामर्श भारत में बोली जाने वाली 21 भाषाओं में संवाद कर प्राप्त की जा सकती है, जिसमें परामर्श लेने वाले की जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।हताशा और निराशा के अंधकार में डूबे लोगों के लिए यह नई आशा की किरण के समान है। जो लोगों को किसी भी मानसिक अवसाद से निकालने में उचित परामर्श प्रदाय करेंगे।जिन लोगों को नशापान, शराब और जुए की आदत छोड़ने की इच्छा हो तो वे भी टेली मानस सेवा को फोन लगाकर निःशुल्क परामर्श ले सकते हैं। दिन हो या रात किसी भी समय टोल फ्री नंबर पर ये परामर्श सेवा उपलब्ध रहेगा।इसके साथ ही गरियाबंद के जिला चिकित्सालय के रूम नंबर 19-ए में स्पर्श क्लिनिक संचालित है जिसमें अस्पताल समय में जाकर भी इस परामर्श सुविधा का लाभ ले सकते है। आम जनता से अपील है कि सभी मानसिक तनाव से गुजर रहे लोगों को इस निःशुल्क परामर्श सेवा का लाभ उठाने हेतु जरूर प्रेरित करें।

## गरियाबंद पुलिस के द्वारा 14 किलो ग्राम गांजा के साथ बालोद जिले के दो आरोपियों को किए गिरफ्तार

**गरियाबंद।** वरिष्ठ अधीकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गांजा, शराब,जुआ सट्टा पर कडी कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश दिये थे जिसके परिपालन में 17 जनवरी को फिंगेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक पवन वर्मा को मुखबीर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति लाल रंग के स्विफ्ट डिजायर क्रमांक छ्त्त 05 छ्व 0711 कार में अवैध मादक पदार्थ रखकर फिंगेश्वर की ओर आ रहे है।इस सूचना पर पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुच कर मुखबीर से बताये गये संदेही वाहन को थाना फिंगेश्वर के मेन रोड के पास नाकाबंदी कर रोककर उक्त संदेही वाहन को पकडा गया। संदेहियों से नाम पता पुछने पर वाहन चलाने वाले ने अपना नाम गुलशन साहू निवासी चारभाटा तथा दूसरा आपका नाम हेम नारायण चारभाटा गुण्डरदेही जिला बालोद का रहने वाला बताया।एक लाल रंग के स्विफ्ट डिजायर कार के पीछे सीट के नीचे दो सफ़ेद रंग के बोरी में 14 किलोग्राम किमती 1 लाख 40 हज़ार रूपये तथा लाल रंग के स्विफ्ट डिज़ायर कम्पनी का छ्त्त 05 छ्व 0711 तथा 2 नग मोबाईल को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।उक्त दोनो अरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाये से दोनो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण में दोनो के विरूद्ध पर्याप्त सबुत पाये जाने से दोनो आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक पवन वर्मा व टीम की विशेष भूमिका रही।

## शुभारंभ के अवसर पर वाटर पार्क में गूंजा लक्ष्मण - सीया - रामचंद्र की जय .... की जयकारे..

**लोधेश्वरधाम निर्माण के लिए बॉलीवुड एक्टर लोधी कुणाल सिंह राजपूत ने दिया ऐतिहासिक सुझाव**



**रायपुर।** रामायण के पात्र लक्ष्मण बॉलीवुड एक्टर लोधी कुणाल सिंह राजपूत सोमनी राजनांदगांव के समीप रिएवेरा रिसोर्ट के आधुनिक वाटर पार्क का शुभारंभ के अवसर पर लखन सीया रामचंद्र की जय का जयकारे से संपूर्ण परिसर गूंजायमान हुआ। यह वाक्या 15 जनवरी को स्थानीय वाटर पार्क के कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह मे हुआ। इससे पूर्व कि वे कुम्हारी टोल प्लाजा के पास स्थित लोधेश्वरधाम का भी उन्होंने भ्रमण कर ऐतिहासिक निर्माण कार्य होने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैं रामायण धारावाहिक में लक्ष्मण का रोल अदा किया है। इस मकसद से मैं प्रदेश का भांजा ही हुआ, यहा की कला संस्कृति, बोली भाषा बडा मीठा है। अनेकों शूटिंग के दौरान यहां के कलाकारो के साथ भी मिलने का अवसर आया। उन्होने कहा कि रामायण में प्रसंग आया था, उसका जिक्र कर उन्होने कहा कि जब शिव धनूष बाण पर परतंक्षा चढाने की बाते थी, तब कोई भी राजा महाराजा, शूरवीर शिव धनूष को नही उठा पाये, तब जनक जी ने कहा कि यह धरती शूरवीरो से खाली है। तब मेरा गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। मैंने भैय्या से कहा कि आपकी आज्ञा हो तो धनूष बाण को उठाना तो क्या, मैं इसे गेंद की तरह उछालकर फेंक सकता हूं। इस पर भैय्या ने शांत रहने की सलाह दी। उन्होने अनेको प्रसंगो का जिक्र किया। उलेखनीय है कि लोधेश्वरधाम के संयोजक व रिएवेरा रिसोर्ट के संचालक लोधी उत्तम वर्मा ने बताया कि डब्ल्यू डब्ल्यू वाटर पार्क जो कि सोमनी राजनांदगांव (पुलिस स्टेशन के पास) है,इसका उद्घाटन बालीवुड एक्टर कुणाल सिंह किया। बेलोदी स्थित रिवेएरा रिसोर्ट सफलता के साथ संचालित हो रहा है, यंगस्टर्स की मांग पर दूसरे फेज में यह वाटर पार्क शुरु किया गया। आम लोगों के लिए वाटर पार्क में, स्वीमिंग, म्यूजिकल डांस के साथ साथ,जायकेदार खाना भी उपलब्ध कराया जा रहा ।

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गरियाबंद।** शहर के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों से आये शिक्षकों को समाज में नशे के प्रभाव को रोकने में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया गया।साथ ही स्कूली बच्चों को नशीली एवं मादक पदार्थों से बचाने तथा नशे की लत से बच्चों को दूर रखने के बारे में भी बताया गया।कार्यक्रम में नशामुक्ति के क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न अशासकीय संस्थाओं के प्रमुख भी शामिल हुए।उन्होंने नशे की जड़ को समाज से खत्म करने एवं नशामुक्त समाज के विकास के लिए शिक्षकों को अपना महत्वपूर्ण योगदान देने प्रेरित किया।कार्यक्रम में डीएमसी के.एस.नायक, उप संचालक समाज कल्याण विभाग डी.पी. ठाकुर,सहित नशामुक्त के क्षेत्र में कार्यरत चुन्नीलाल शर्मा, मनीषा शर्मा, फत्तेसिंह खालसा, सौरभ तिवारी, अजय श्रीवास्तव एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा समाज को नशामुक्त करने नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।इसके तहत लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नशे से दूर रहने जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में बताया गया कि नशा एक बीमारी है,इससे शरीर को बहुत नुकसान होता है।साथ ही आर्थिक,मानसिक एवं सामाजिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम में नशे की बीमारी से मुक्ति,नशे के बारे में विभिन्न धारणाओं व नशा प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की जानकारी विस्तार से देकर नशा न करने के बारे में जागरूक किया गया। सरकार व जिला प्रशासन का प्रयास है कि नशा मुक्त भारत अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके।नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है।

# उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने जिले का पहला महिला थाना का शुभारंभ किया

**नशे की सामग्री का परिवहन या बिक्री पर सख्ती से कार्यवाही करने दिए निर्देश**

**कवर्धा (समय दर्शन)।** उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को कवर्धा जिले के प्रथम महिला थाना का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के विशेष पहल से जिलामुख्यालय कवर्धा में महिला थाना की शुरुआत की गई। यह थाना जिले का पहला महिला थाना है, जो न केवल महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम में सहायक होगा, बल्कि उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान भी करेगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने थाना का शुभारंभ करने के बाद उप निरीक्षक शांता लकड़ा को थाना प्रभारी का विधिवत पदभार ग्रहण कराया और रोजनामचा में अपना नाम दर्ज कराया। इस थाने में थाना प्रभारी सहित 23 बलो की पदस्थापना की गई है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह महिला थाना महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। महिला थाना से जिले की महिलाओं को एक सुरक्षित और निःसंदेह स्थान




मिलेगा, जहां वे अपने विवादों को सुलझाने के लिए आगे आ सकती हैं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में महिला थाना खोला जाएगा। पहले चरण में जशपुर, रायगढ़, कवर्धा, राजनांदगांव और जगदलपुर 5 जिलों में महिला थाना की स्वीकृति दी गई है। आज जिला में महिला थाना का विधिवत शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस महिला थाना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एक सुरक्षित स्थान मिल सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मन में विश्वास और ताकत होना चाहिए ताकि वे किसी भी समय, चाहे दिन हो या रात, बिना किसी डर के बाहर जा सकें। यह स्थिति बनाना और इस प्रकार का माहौल निर्मित करना भी मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्रम के बाद महिला थाना भवन परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध रोपण किया। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपराध के किसी भी प्रकार के बिंदु पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार की स्पष्ट मंशा का जिक्र करते हुए कहा कि नशे की सामग्री बेचने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी गांव में नशे की सामग्री का परिवहन या बिक्री नहीं होनी चाहिए और इस कार्य को गंभीरता से, बिना किसी दबाव के, पूरी ताकत के साथ किया जाए।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने यह भी निर्देशित किया कि पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 'विलेज क्राइम रजिस्टर' को मेंटेन किया जाए और हर महीने इसका पुनरीक्षण किया जाए ताकि किसी भी अपराध या अवैध गतिविधि को तुरंत पकड़ने में मदद मिल सके।

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि महिला थाना का उद्घाटन महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहल प्रदेश की मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की दूरदृष्टि का परिणाम है। उन्होंने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न केवल महिलाओं को अपने अधिकारों की रक्षा करने का एक सशक्त मंच मिलेगा, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि महिला थाना में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था से महिलाओं को अब अपनी समस्याओं का समाधान जल्दी मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिला थाना न केवल अपराधों की रोकथाम करेगा, बल्कि महिलाओं को जागरूक करने और उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

इस अवसर पर आईजी दीपक झा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, रामकुमार भट्ट, राजेन्द्र चंद्रवंशी, श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, डॉ वीरेन्द्र साहू, मनहरण कौशिक, दिनेश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, उमंग पांडेय सहित पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल, डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी, श्रीमती मोनिका परिहार, कृष्णा चंद्राकर एवं जनप्रतिनितध गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**जिले में पहली बार महिला पुलिस ने मुख्य अतिथि को सलामी दी**- जिले में महिला थाना के उद्घाटन के अवसर पर जिले की महिला पुलिस कर्मियों ने पहली बार मुख्य अतिथि विजय शर्मा को सलामी दी। यह पल महिला सशक्तिकरण और पुलिस बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। महिला पुलिस कर्मियों ने यह सलामी न केवल अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, बल्कि यह भी साबित किया कि महिला पुलिस बल आज किसी भी मामले में पुरुषों से पीछे नहीं है। इस ऐतिहासिक क्षण को देखकर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने महिला पुलिसकर्मियों की हिम्मत और प्रतिबद्धता की सराहना की।

**महिला थाना में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेगा**- महिला थाना का संचालन थाना कोतवाली के पास स्थित पुराने पुलिस लाइन के सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। मलि थाना भवन में प्रभारी कक्ष, बड़ा हॉल, दो पार्टीशन किए गए काउंसलिंग रूम, और पृथक प्रसाधन कक्ष जैसी सुविधाओं से सुसज्जित है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग.**

**//आम सूचना//**

**जारी दिनांक :-17/01/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अमलेश्वर पहनं 03 रानिम. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ0ग0) स्थित भूमि के संबंध मे आवेदक श्री / श्रीमती प्रतिमा देवी पिता/पति श्री दिलीप कुमार द्वारा आवेदित भूमि खसरा नं0 15/1 निवासी

रकबा 0.30

ग्राम अमलेश्वर प0ह0नं0 03 रानिम अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ0ग0) के भूमि का सीमांकन हेतु माननीय न्यायालय अविअ (राजस्व) / नायब तहसीलदार/तहसीलदार तहसील पाटन जिला दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक //202 के परिपालन में आवेदित भूमि के हेतु स्थल निरीक्षण एवं सीमांकन कार्य मेरे द्वारा दिनांक 30/01/2025 को समय 12:30 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त आवेदित भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियो अथवा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि नियत दिनांक के पूर्व जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे उक्त उपर उल्लेखित नियत तिथि एवं समय के पूर्व कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर अथवा संबंधित ग्राम के पटवारी कार्यालय में अपने उक्त भूमि से संबंधित दस्तावेज रजिस्ट्री पेपर, किसान किताब या अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

सो सूचना जाने।

मुहर

**राजस्व निरीक्षक अमलेश्वर तहसील पाटन**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग.**

**//आम सूचना//**

**जारी दिनांक :-17/01/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अमलेश्वर पहनं 03 रानिम. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ0ग0) स्थित भूमि के संबंध मे आवेदक श्री / श्रीमती कुशालचंद जैन पिता/पति श्री माणिक चंद जैन निवासी ग्राम अमलेश्वर के द्वारा आवेदित भूमि खसरा नं0 42/3

रकबा 0.4100

ग्राम अमलेश्वर प0ह0नं003 रानिम अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ0ग0)के भूमि का सीमांकन हेतु माननीय न्यायालय अविअ (राजस्व) / नायब तहसीलदार/तहसीलदार तहसील पाटन जिला दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 24/12/2024 के परिपालन मे आवेदित भूमि के हेतु स्थल निरीक्षण एवं सीमांकन कार्य मेरे द्वारा दिनांक 30/01/2025 को समय 11:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त आवेदित भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियो अथवा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि नियत दिनांक के पूर्व जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे उक्त उपर उल्लेखित नियत तिथि एवं समय के पूर्व कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर अथवा संबंधित ग्राम के पटवारी कार्यालय मे अपने उक्त भूमि से संबंधित दस्तावेज रजिस्ट्री पेपर, किसान किताब या अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रसतुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

सो सूचना जाने।

मुहर

**राजस्व निरीक्षक अमलेश्वर तहसील पाटन**

# फुलझर राज झेरिया यादव समाज बसना-सरायपाली की बैठक बिजेमाल में सम्पन्न



**बसना (समय दर्शन)।** बसना एवं फुलझर राज झेरिया यादव समाज बसना-सरायपाली की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें फुलझर राज अध्यक्ष जगतराम यादव एवं केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बालकराम यादव ने बैठक में समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि, हम सबके लिए बहुत की गौरव का विषय है कि, बहुत ही जल्द श्री राधा कृष्ण जी के मंदिर निर्माण कार्य चालू होने वाला है।हमारे ग्राम भूकेल बाजार पड़ाव में होने जा रहा है।

इस बैठक में समाज के मुख्य रूप से केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बालकराम यादव, केंद्रीय सचिव रथलाल यादव, केंद्रीय सलाहकार ठंडा राम यादव, केंदीय कोषाध्यक्ष खुलूराम यादव, केंद्रीय उपाध्यक्ष गंगाधर यादव,केंद्रीय प्रवक्ता परदेशी यादव,बसना तहसील संरक्षक रंजीत यादव, सरायपाली तहसील अध्यक्ष कैलाश यादव, सरायपाली तहसील कोषाध्यक्ष फकिर यादव, सरायपाली तहसील संरक्षक मनीराम यादव,तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र यादल,तहसील सचिव कुंजराम यादव, तहसील उपाध्यक्ष संतीष यादव, तहसील संगठन मंत्री गजानंद यादव, तहसील संरक्षक मनोहर यादव, सांकरा परिक्षेत्र अध्यक्ष घासीराम यादव,बम्हनी परिक्षेत्र अध्यक्ष जलिधर यादव,गौरटेक परिक्षेत्र सचिव रविशंकर यादव,बम्हनी परिक्षेत्र सचिव नानदाऊ यादव, डोडरकसा परिक्षेत्र अध्यक्ष यदूमणी यादव, देवरी परिक्षेत्र सचिव सहदेव यादव जी, देवरी परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष पुनीत यादव, परसकोल परिक्षेत्र संगठन मंत्री बिहारी यादव, केंद्रीय पत्रवाहक घसीया यादव, प्रमोद यादव, तहसील पदाधिकारी संपत्ति यादव समाज के महा अनुभव गण उपस्थित रहे। यह जानकारी मिडीया प्रभारी ओम प्रकाश यादव जी दी।

## संक्षिप्त-खबर

## हबेकांटा स्कूल में न्योता भोज का आयोजन





**बसना (समय दर्शन)।** शासकीय प्राथमिक शाला व उच्च प्राथमिक शाला हबेकांटा में शिक्षकों के द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बच्चों को न्योता भोज दिया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ समोसा जलेबी भुजिया का आनंद लिया।इसके साथ ही चावल दाल, फ्ल,मीठा, भजिया की सब्जी परोसी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक पी एल पटेल, तोप सिंह सिदार, डी एन भोई, शंकर अग्रवाल, शिक्षिका रश्मि वर्मा, रिज़वाना कुरैशी, विभीषण भोई, सुन्दर लाल,व रसोईया उपस्थित थे। नेवता भोज पाकर सभी बच्चे प्रसन्न नजर आये।

## नितिन दुबे के शानदार कॉमेंट्री साथ बैलाडीला प्रीमियर लीग का हुआ समापन



किरन्दुल नगर में स्पोर्ट्स क्लब रेलवे के सहयोग से रात्रिकालीन फ्लडलाइट क्रिकेट टूर्नामेंट बैलाडीला प्रीमीयर लीग का आयोजन किया गया जो कि आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया गया था । इस आयोजन में किरन्दुल बचेली नगर के तकरीबन सप्त मालिको ने अपनी अपनी टीमें खरीदी थी । जिसका आयोजन 3जनवरी से 15 जनवरी तक किया गया था । इस आयोजन में नगरवासियों के लिए आकषर्ण का मुख्य केंद्र, इस पूरे टूर्नामेंट के कॉमेंटेटर नितिन दुबे रहे , जिनकी दमदार आवाज़ ने इस पूरे आयोजन में एक अलग ही माहौल बना दिया । यूट्यूब में लाइव देखने वाले क्रिकेट प्रेमियों के लिए नितिन दुबे ने हिंदी और भोजपुरी भाषा मे जो शानदार कमेंट्री की उसे यूट्यूब में लाखों क्रिकेट प्रेमियों ने सराहा । नितिन दुबे की दमदार आवाज़ और ज़ोरदार शब्दों की पकड़ ने नगरवासियों को झूमने पर मजबूर कर दिया । नगर में खासा चर्चा का विषय बने हुए नितिन दुबे को आज शहर का नगर का हर वर्ग उनकी आवाज़ का दीवाना है । कल हुए फ़ाइनल मेच में भी नितिन की दमदार आवाज़ ने क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह ही बढ़ा दिया था जो कि राजेन्द्र मृणाल राय की टीम सप्तस और नीलेश पाटले की टीम के बीच मे खेल गया जिसमें फाइनल स्कोर में सप्त रनों की बढ़त से राजेन्द्र राय की टीम ने जीत हासिल की थी ।

## कलेक्टर लंगेह ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों का लिया जायजा



**महासमुंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज सुबह मिनी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंच की व्यवस्था, बेरिकेटिंग और मैदान की स्थिति का विस्तार से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय तरीके से आयोजित करने समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंच की सजावट और आयोजन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, उन्होंने बेरिकेटिंग को सुव्यवस्थित रखने और आगंतुकों के लिए समुचित व्यवस्थाओं जैसे बैठने, पेयजल, और प्रवेश-निकास की सुगमता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर ओ रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री हरिशंकर पैकरा, संबंधित जिला अधिकारी और आयोजन से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम को देशभक्ति से ओत-प्रोत और स्थानीय संस्कृति को महत्व को प्राथमिकता देते हुए आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। समारोह स्थल पर 13 विभागों और संस्थाओं द्वारा तैयार किए गए चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# पिथौरा की प्रेरणा उपराष्ट्रपति के हाथों गोल्डमेडल से हुई सम्मानित



**पिथौरा (समय दर्शन)।** गुरुघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के एकादश दीक्षांत समारोह रजत जयंती सभागार में पिथौरा की छात्रा कुमारी प्रेरणा सिन्हा को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के मुख्य आतिथ्य एवं छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका की अध्यक्षता एवं अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू उपमुख्यमंत्री अरूण साव के द्वारा विश्वविद्यालय गोल्डमेडल से सम्मानित किया गया । इस अत्यंत गरिमामयी समारोह में राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिक्षा सचिव टी.जी.सीता राम रहे हैं । कार्यक्रम के प्रारम्भ में स्वागत भाषण गुरु घासीदास केंद्रीय विश्व विद्यालय के कुलाधिपति डा. आलोक चक्रवात ने विश्व विद्यालय के विभिन्न वार्षिक गतिविधियों से अवगत कराया ।

प्राथमिक शिक्षा से ही अत्यंत मेधावी छात्रा रही कु. प्रेरणा सिन्हा पंचायत सचिव संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कलार समाज कौड़िया पिथौरा के मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा एवं शिक्षा विभाग में ब्याख्याता के पद पर कार्यरत छत्तीसगढ़ कलार समाज महिला मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला सिन्हा की सुपुत्री हैं ।

कुमारी प्रेरणा को पूर्व में भी बीएससी रसायन शास्त्र ऑनर्स विषय में गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक अर्जित करने पर गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया था । अब उन्हें द्वितीय बार एम एस सी रसायन शास्त्र ऑनर्स विषय में गोल्ड मैडल से सम्मान प्राप्त हुआ है । उच्च अध्ययन के पहले भी रायपुर स्थित ज्ञान गंगा एकेडमी में अध्ययनरत रहते हुये हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रही है । कुमारी प्रेरणा सिन्हा अपनी इस उपलब्धि का श्रेय गुरुजनों सहित परिवार जनों को दी है ।

पिथौरा क्षेत्र में कुमारी प्रेरणा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्याप्त है तथा यह खबर मिलते ही उनके परिजनों को सामाजिक जनों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों , अधिकारी कर्मचारी वर्गों व वरिष्ठ जनों द्वारा भी बधाइयों का ताँता लगा हुआ है । बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से डॉ. सम्पत अग्रवाल विधायक बसना , पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर ,जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अघरिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, आत्मा यादव अध्यक्ष नगर पंचायत , कलार समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, जिला अध्यक्ष नीरज गजेंद्र , जिला संरक्षक ईश्वर सिन्हा , शशिकुमार डड़सेना , प्रेम सिन्हा , अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमेश दीक्षित , द्वारिका पटेल , सुशील चौधरी, प्रेस क्लब अध्यक्ष रजिंदर खनूजा , वरिष्ठ पत्रकार पवन गुप्ता , निशु माटा, साहित्यकार संतोष गुप्ता अधिवक्ता संघ टिकेंद्र प्रधान , बजरंग अग्रवाल , लोकनाथ डड़सेना, शिक्षक संघ रोहिणी देवांगन , यूके दास , व्याख्याता संघ के प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान , सचिव संघ जिला अध्यक्ष सुनील साहू , मुरलीधर साव , भुखन डड़सेना पोला राम डड़सेना, महेन्द्र डड़सेना, आत्मा राम पंकज डड़सेना, ओम सिन्हा ,योगेन्द्र डड़सेना ,सुखसागर जगत , विनय गार्डिया सहित अनेक शुभचिंतकों ने कुमारी प्रेरणा सिन्हा को गोल्ड मैडल प्राप्त होने पर बधाईयाँ देते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं कीं हैं।

# पिथौरा में हुई 7 लाख 27 हजार रुपए की सायबर ठगी का खुलासा



## 02 आरोपी पुलिस के गिरफ्त मे

**पिथौरा ( समय दर्शन )।** पिथौरा के आदित्य कुमार दुबे से इलाज कराने के नाम पर सायबर ठगी करने वाले 02 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूरी घटना कुछ इस प्रकार है कि, दिनांक 15.01.2025 को प्रार्थी आदित्य कुमार दुबे ने थाना उपस्थित होकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि, अज्ञात मोबाईल नम्बर के धारक द्वारा दिनांक 25.12.2024 से दिनांक 12.01.2025 के मध्य मैसेज एवं कॉल के माध्यम से प्रार्थी की भतीजी की सहेली एवं उसका भाई होना बताकर एडमिशन, एक्सिडेंट एवं ईलाज के लिए पैसे की जरूरत होना बताकर, आदित्य कुमार दुबे के साथ कुल 7,27,000 रूपये की धोखाधडी किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पिथौरा में अपराध धारा 318(4),319(2),3(5) क्छहे, का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी सहायता से उक्त मोबाईल धारको की पतासाजी कर पूछताछ की गई, जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम (01) सदानंद साहू उर्फ गणेश पिता तिजराम साहू उम्र 31 वर्ष साकिन पीपरडीही पो0 अमोदी थाना सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ (छ0ग0) तथा सहयोगी (02) संतोषी नेताम पिता रामायाण सिंह नेताम उम्र 25 साल साकिन पीपरडीही पो0 अमोदी थाना सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ (छ0ग0) का निवासी होना बताया।

# कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम-2013 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग डॉ. प्रज्ञा पचौरी के मार्गदर्शन में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम-2013 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 16 जनवरी 2025 को जिला न्यायालय दुर्ग के अतुर्थमाला स्थित न्यू सभागार स्थल में किया गया।

आयोजित कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में श्रीमती संगीता नवीन तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आईवी एफ्टीसी (पॉक्सो) दुर्ग, श्रीमती सुनीता टोप्पो, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग एवं सुश्री सुरभि धनगढ़ प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं कार्यशाला में प्रतिभागियों के रूप में कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग व कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग के महिला कर्मचारीगण, कार्यालय कलेक्टर दुर्ग, कार्यालय पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, जिला एवं जनपद पंचायत कार्यालय दुर्ग, सहायक श्रमायुक्त कार्यालय विद्युत विभाग, विद्यालय/महाविद्यालय के प्राध्यापकगण व आयुक्त नगर निगम दुर्ग कार्यालय के विभिन्न अधिकारीगण / कर्मचारीगण के अलावा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम दुर्ग के कौंसिल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के समस्त पैरालीगल वालेन्टियर्स बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के संबंध में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए श्रीमती संगीता नवीन तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आईवी एफ्टीसी (पॉक्सो) दुर्ग द्वारा कार्यशाला में उपस्थिति प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम-2013 के संबंध में बताते हुए उक्त अधिनियम बनाने में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1997 में पारित निर्णय अनुसार विशाखा दिशा-निर्देश के अहम योगदान होने के बारे में चर्चा कर उक्त अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक महिला को इस एक्ट की जानकारी आवश्यक होना व्यक्त कर संबंधित अधिनियम/कानून क्या है तथा इसे बनाया जाना क्यों जरूरी हुआ व उक्त अधिनियम कहाँ-कहाँ लागू होता है तथा इस अधिनियम के तहत शिकायत किन समितियों के समक्ष कौन, कैसे कर सकता है तथा शिकायत होने के बाद समिति द्वारा कार्यवाही किस प्रकार की जाती है के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को उनके द्वारा पूछे गये विभिन्न प्रश्नों का विधिनुरूप समुचित उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

श्रीमती सुनीता टोप्पो, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि कोई भी ऐसा कार्य जिससे महिलाओं में क्षोब व्याप्त हो उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। किसी भी अधिनियम के बनने के बाद उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होती है। इसलिए प्रत्येक महिला को उक्त अधिनियम के संबंध में जागरूक होना आवश्यक है, जो इसी प्रकार कार्यशाला आयोजित किये जाने से संभव हो सकता है।

# ग्राम पंचायत कोमा और बरबसपुर में 272 कट्टा अवैध धान जप्त



**महासमुंद( समय दर्शन)।** बागबाहरा तहसील के ग्राम पंचायत कोमा और बरबसपुर में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मंडी अधिनियम के तहत अवैध धान जप्त किया। इस कार्रवाई में कुल 272 कट्टा धान जप्त किया गया है।संयुक्त दल ने ग्राम पंचायत कोमा में मुंशीलाल सोनी के गोदाम और निवास स्थल पर छापामारी की। इस दौरान वहां से 172 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया। टीम ने बताया कि यह धान मंडी अधिनियम का उल्लंघन करते हुए संग्रहित किया गया था। दूसरी कार्रवाई बरबसपुर के पद्मिनी सोनी समिति गबौद परिसर से 100 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया। इसे बाद में संजय साहू पिता नूतन साहू, बरबसपुर को सुपुर्द कर दिया गया। जप्त किए गए धान के संबंध में मंडी अधिनियम के तहत आगे की कानूनी प्रक्रिया की जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी और परिवहन को लेकर सख्त नियम लागू हैं। अवैध धान भंडारण और परिवहन पर नजर रखने के लिए प्रशासन सक्रिय है।

# नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दी बधाई.

## किरण सिंह देव के नेतृत्व में पार्टी नए सोपानों को तय कर इतिहास रचेगी- सुरेन्द्र कौशिक



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व अंतर्गत प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय कुशा भाऊ ठाकरे परिसर में हुई। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व और निवर्तमान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

प्रदेश चुनाव पर्यवेक्षक और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े द्वारा किरण सिंह देव को प्रदेश अध्यक्ष घोषित किए जाने के पश्चात सुरेंद्र कौशिक ने दुर्ग जिला भाजपा के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी, इस दौरान प्रमुख रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, दिलीप साहू, विनायक नातू, अलका बाघमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा सिद्धांतों और विचारधारा के आधार पर कार्य करती है ना कि परिवारवाद और तुष्टिकरण के आधार पर। पार्टी का बूथ स्तर का भी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता है, ऐसा उदाहरण सबने बार बार देखा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के नेतृत्व में भाजपा ने लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया और संगठन पर्व के दौरान भी पार्टी ने इतिहास रचा, श्री सिंहदेव के कुशल नेतृत्व क्षमता के कारण ही उन्हें पुन: अवसर प्रदान किया गया है, अब उनके कुशल नेतृत्व में हम सभी मिलकर पार्टी के कार्यों को और भी अधिक गति प्रदान करते हुए शिखर की ओर लेकर जाएंगे। आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी को ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। दुर्ग जिला भारतीय जनता पार्टी की ओर से किरण सिंह देव को बधाइयां और शुभकामनाएं दी जाती है।

बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, प्रवक्ता दिनेश देवांगन, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सह मीडिया प्रभारी राकेश दुग्गड, सोशल मीडिया संयोजक रजनीश श्रीवास्तव, आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत, विनय महोबिया, मंडल भाजपा अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा, हरीश चौहान, कमलेश फेकर, मनमोहन शर्मा, कौशल साहू, हेमंत सिन्हा, शीतला ठाकुर, लिकेश्वर देशमुख, राजू जंघेल, अनुपम साहू, रानी बंछोर, कमलेश चंद्राकर, कमलेश साहू, ज्योति प्रकाश साहू, धर्मेंद्र सिन्हा, लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, कृष्णा पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन वाढई, विजय ताम्रकार, डॉ सुनील साहू, सुनील अग्रवाल, रोहित राजपूत, फ्ते लाल वर्मा, गिरेश साहू, रीता मेश्राम, किशोर चंद्राकर, खिलावन वर्मा, अजय तिवारी, चैनसुख भट्टड, जीत हेमचंद यादव,दिव्या कलिहारी, साजन जोसेफ गायत्री वर्मा, जय श्री राजपूत, श्वेता ताम्रकार, लीला देवांगन, कुमारी साहू, विद्या नामदेव, नवीन यादव, बसंत चौहान, राजेश सिंह राजपूत, नवीन पवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26